RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-228 जयपुर, गुरुवार, 28 मई 2026 मूल्य-4 रूपये

## टीएमसी सांसद काकोली का पार्टी के पदों से इस्तीफा

**कोलकाता।** बंगाल के बारासात से ञ्रष्ट सांसद काकोली घोष ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष सुब्रत बख्शी को भेजे लेटर में लिखा कि मानसिक संघर्ष और लंबे चिंतन के बाद यह फैसला लिया है। हालांकि, वह आम कार्यकर्ता की तरह पार्टी से जुड़ी रहेंगी। काकोली घोष का इस्तीफा उस बैठक के बाद आया, जिसमें वे पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी की अध्यक्षता में कल्याणी में शामिल हुई थीं। बताया जा रहा है कि TMC ने उन्हें बैठक में जाने से अनौपचारिक रूप से मना किया था।

## पंचायत-निकाय चुनाव मामले में सुप्रीम कोर्ट में केविएट दायर

**जयपुर।** प्रदेश में पंचायत व निकाय चुनाव मामले में हाईकोर्ट की खंडपीठ की ओर से दिए गए फैसले के संबंध में पूर्व विधायक संयम लोढ़ा की ओर से सुप्रीम कोर्ट में केविएट दायर की है। इसमें कहा हाईकोर्ट के फैसले को यदि राज्य सरकार या राज्य चुनाव आयोग सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हैं तो कोई भी आदेश देने से पहले प्रार्थी का पक्ष भी सुना जाए और उसके बाद ही कोई आदेश दिया जाए।

### पत्नी ने 2-बेटों के साथ मिलकर पति की हत्या करवाई

**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में केमिस्ट को घर से किडनैप कर मारपीट और मर्डर करने के मामले में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस ने पत्नी, उसके 2 बेटे, दामाद सहित 6 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी महिला और केमिस्ट कपिल जिंदल (36) की 8 महीने पहले ही आर्य समाज में शादी हुई थी। इसके बाद दोनों किराए के कमरे में साथ रह रहे थे। लेकिन एक सप्ताह पहले दोनों में कहासुनी हो गई, जिसके बाद महिला ने पूर्व पति से हुए 2 बेटों, जवाई और उनके दोस्तों के साथ मिलकर युवक की हत्या कर शव इंदिरा गांधी नहर में फेंक दिया था।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बॉर्डर सिक्योरिटी को और सुदृढ़ करने के लिए सुरक्षा समीक्षा बैठक की

# घुसपैठ, अतिक्रमण, आतंकी वित्तपोषण और सीमा पार अपराधों पर कसे शिकंजा

### हर सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा ग्रिड बने

जयपुर



केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने बीकानेर में सुरक्षा समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में भारत-पाकिस्तान सीमा से सटे जिलों से जुड़े सुरक्षा संबंधी मुद्दों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों तथा बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, श्रीगंगानगर एवं फलोदी के डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षकों ने भाग लिया। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि राज्य सरकार के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए सीमा प्रबंधन को सशक्त एवं व्यापक बनाया जाए।

बैठक में प्रत्येक सीमावर्ती जिले के लिए 360 डिग्री सुरक्षा फ्रेमवर्क तैयार करने का निर्णय लिया गया। इस एकीकृत प्रयास में स्थानीय नागरिकों, राज्य सरकार की मशीनरी और सभी संबंधित सुरक्षा एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे सीमा प्रबंधन को और अधिक समग्र एवं मजबूत बनाया जा सके।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अवैध निर्माणों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति को सख्ती से लागू करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने विशेष रूप से अंतरराष्ट्रीय सीमा से 15 किलोमीटर के दायरे में हो रहे अवैध निर्माणों को जमींदोज करने का निर्देश दिया।

अमित शाह ने बीएसएफ, सीबीडीटी, एनसीबी और राज्य सरकार की मशीनरी के साथ समन्वित सीमा प्रबंधन रणनीति अपनाए जाने पर बल दिया ताकि घुसपैठ, नारकोटिक्स तस्करी, अतिक्रमण, आतंकवादी फंडिंग और अन्य सीमा-पार अपराधों पर शिकंजा कसा जा सके।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जिला मजिस्ट्रेटों को जिम्मेदारियाँ सौंपते हुए निर्देश दिया कि वे सभी बैंकों में पूर्ण कानूनी एवं वित्तीय अनुपालन सुनिश्चित करें, प्रमुख व्यवसायिक प्रतिष्ठानों का सत्यापन करें, उनके फंडिंग स्रोतों की जांच करें, म्यूल खातों एवं शेल कंपनियों को ट्रैक करें, फर्जी आधार कार्डों की पहचान करें तथा तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करें।

गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि साइबर अपराधों के त्वरित निवारण के लिए '1930' कॉल सेंटर का प्रभावी उपयोग किया जाए तथा क्षेत्र में कानून प्रवर्तन व्यवस्था और न्यायिक प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने के लिए तीन नए आपराधिक कानूनों का पूर्ण रूप से कार्यान्वयन किया जाए।

बैठक के दौरान वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम-II (VVP-II) के सफल एवं प्रभावी कार्यान्वयन पर विशेष बल दिया गया, जिसके माध्यम से अंतिम छोर तक शासन को सुदृढ़ करना, आर्थिक अपराधों को रोकना, बुनियादी सुविधाओं की कमी पूरी करना तथा सीमावर्ती जनसंख्या को समर्थन देना सुनिश्चित किया जाएगा। साथ ही, सीमावर्ती गांवों में सभी सरकारी योजनाओं का 100% सैचुरेशन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक में रेखांकित किया गया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केन्द्र सरकार अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर उच्चतम स्तर की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। साथ ही, केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बेहतर समन्वय को बढ़ावा देकर सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास और सुरक्षा सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

## पूर्व सीएम विजयन समर्थकों का ईडी टीम पर हमला



### लाठी-पत्थर बरसाए, गाड़ी तोड़ी

### पूर्व सीएम की बेटी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

तिरुवनंतपुरम

केरलम के पूर्व मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड करने पहुंची थी। यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजयन के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे।

दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी। कारों के शीशे तोड़ दिए गए और लाठी से भी हमला किया।

ईडी की रेड पर पिनाराई विजयन का बयान सामने आया। उन्होंने कहा- काफी समय से श्रष्ट मेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी। मुझे लगता है कि इस तलाशी से कुछ लोगों को खासकर राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति को बहुत संतुष्टि मिलेगी।

## ट्रक से टकराकर होटल में घुसी टेम्पो क्रूजर, तीन लोगों की मौत

जयपुर



जयपुर-सीकर नेशनल हाईवे (एनएच -52) पर बुधवार सुबह चौमूं इलाके में स्टेडियम के पास ब्यावरिया कट पर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टेम्पो क्रूजर की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि नौ लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी भीषण थी टेम्पो क्रूजर के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद अनियंत्रित क्रूजर सड़क किनारे बने होटल-रेस्टोरेंट में जा घुसी। इस दौरान होटल के बाहर खड़ी एक कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

चौमूं थाना प्रभारी हरबेंद्र सिंह ने बताया महाराष्ट्र के परभणी से श्रद्धालु टेम्पो क्रूजर से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रहे थे। बुधवार सुबह जयपुर से सीकर की ओर जाते समय हादसा हुआ। आगे चल रहा ट्रक अचानक लेफ्ट साइड में मुड़ा। इसी दौरान पीछे से आ रही टेम्पो क्रूजर ट्रक में जा घुसी। टक्कर के बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर हाईवे किनारे होटल में घुस गई। उन्होंने बताया हादसे में शालू (75), मेघा (40) व आदेश (18) निवासी (परभणी, महाराष्ट्र) की मौके पर ही मौत हो गई।

राजस्थान रॉयल्स ने हैदराबाद को 47 रनों से रौंदा, क्वालिफायर-2 में मारी धमाकेदार एंट्री

# वैभव बने आईपीएल के नए सिक्सर किंग

### एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा 65 छक्के जेड़े

मुल्लांपुर



राजस्थान रॉयल्स ने सनराइजर्स हैदराबाद को 47 रनों से हराकर क्वालिफायर-दो में जगह बना ली। अब टीम का सामना गुजरात टाइटंस से 29 मई यानी शुक्रवार को होगा। बुधवार को मुल्लांपुर में खेले गए आईपीएल मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी राजस्थान ने वैभव सूर्यवंशी (97) और ध्रुव जुरेल (50) की तूफानी पारियों की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 243 रन बनाए। जवाब में हैदराबाद 19.2 ओवर में सिर्फ 196 रन ही बना सकी और ऑलआउट हो गई।

राजस्थान रॉयल्स के 15 वर्षीय ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने इतिहास के पन्नों को दोबारा लिख दिया है। सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजों की धज्जियां उड़ाते हुए इस युवा खूंखार बल्लेबाज ने महज 29 गेंदों पर 97 रन की पारी खेली। अपनी इस ऐतिहासिक पारी के दौरान वैभव ने न केवल हैदराबाद को बैकफुट पर धकेला बल्कि क्रिस गेल, सुरेश रैना और डेविड वॉर्नर जैसे दिग्गजों के कई बड़े कीर्तिमानों को एक-एक कर ध्वस्त कर दिया। हालांकि वैभव आईपीएल इतिहास की सबसे तेज संेचुरी लगाने का रिकॉर्ड तोड़ने से चूक गए।

अपनी इस पारी के दौरान वैभव ने एक आईपीएल सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का क्रिस गेल का ऐतिहासिक रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। गेल ने साल 2012 में 59 छक्के जड़े थे लेकिन वैभव ने इस सीजन में अब तक 65 छक्के उड़ाकर इस महारिकॉर्ड को अपने नाम कर लिया है।

## असम विधानसभा में पारित यूसीसी विधेयक देश का तीसरा राज्य बना असम

गुवाहाटी

असम विधानसभा में बुधवार को लंबी और तीखी बहस के बाद समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक पारित कर दिया गया। इसके साथ ही असम यूसीसी लागू करने वाला देश का तीसरा राज्य व पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया। विधानसभा में विधेयक को सत्तारूढ़ गठबंधन का समर्थन मिला, जबकि विपक्षी दलों ने इसके कई प्रावधानों पर आपत्ति जताई। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा यह कानून सभी नागरिकों, विशेषकर महिलाओं को समान अधिकार और न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लाया गया है। विधानसभा में बहस के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी देखने को मिली। विपक्षी सदस्यों ने आरोप लगाया यह कानून व्यक्तिगत धार्मिक परंपराओं में हस्तक्षेप करेगा, लेकिन विरोध के बावजूद विधेयक ध्वनिमत से पारित हो गया। यूसीसी, असम 2026 बिल पर पूरे दिन चर्चा के बाद, स्पीकर रंजीत कुमार दास ने मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा से इसे पास कराने के लिए पेश करने को कहा।

## कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त, 3 गिरफ्तार

कच्छ (गुजरात)



गुजरात में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं।

गुजरात DGP डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया।

जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी।

इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी।

एटीएस की छापेमारी में जहाज पर दो लोग मिले थे। इनमें से जुम्मा नासिर उमर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वहीं, एक अन्य आरोपी ने समुद्र में छलांग लगा ली थी, जिसकी तलाश की जा रही है।

## इबोला वायरस खतरा: अफ्रीकी देशों से अहमदाबाद आए 11 लोग आइसोलेशन में

बेंगलुरु

अफ्रीकी देशों में इबोला वायरस फैलने के चलते युगांडा, दक्षिण सूडान और कांगो से अहमदाबाद आए 11 मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है। अहमदाबाद कॉर्पोरेशन के अधिकारी डॉ. भाविन सोलंकी ने बताया कि प्राथमिक जांच में इनमें से कोई भी संदिग्ध नहीं पाया गया है। लेकिन, एहितायन यह कदम उठाया है।

वहीं, भारत सरकार ने बुधवार को बताया कि देश में इबोला वायरस से जुड़ा एक भी मामला नहीं है। सरकार को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि युगांडा से भारत आई एक महिला में इबोला जैसे लक्षण देखे गए थे। हालांकि बाद में महिला की रिपोर्ट नेगेटिव आई। महिला 23 मई को बेंगलुरु एयरपोर्ट पहुंची थी। जिसके बाद उसे एहतियातन सरकारी अस्पताल में आइसोलेशन में रखा गया। महिला के शरीर में हल्का दर्द था, हालांकि अब वह पूरी तरह स्वस्थ है। अफ्रीकी देश कांगो से फैला वायरस युगांडा तक पहुंच गया है। युगांडा में इबोला के 8 मामले सामने आ चुके हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग के 'स्पेशल रिवीजन' अधिकार को सही ठहराया

# एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह वैध और संवैधानिक: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली



देश की सर्वोच्च अदालत ने चुनाव आयोग की शक्तियों को लेकर एक बेहद महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार (27 मई) को चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची (इलेक्टोरल रोल) के लिए किए जाने वाले 'विशेष गहन संशोधन' की वैधानिकता को पूरी तरह सही ठहराया है। साथ ही ये भी कहा कि देश में मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए सांविधानिक अनिवार्यता की शर्त को भी एसआईआर पूरा करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर कराना पूरी तरह से वैध है और यह आयोग के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि संविधान के अनुच्छेद 324, लोक प्रतिनिधित्व कानून 1950 में चुनाव आयोग को एसआईआर कराने की शक्ति दी गई है। ऐसे में ये नहीं कह सकते कि चुनाव आयोग ने अपनी वैधानिक शक्तियों के बाहर जाकर एसआईआर कराया।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग के पास शक्ति है कि वे मतदाता सूची के उद्देश्य के लिए नागरिकता की भी जांच कर सकता है। हालांकि ये अधिकार सिर्फ मतदाता सूची संशोधन तक सीमित है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लोक प्रतिनिधित्व कानून की धारा 16 के तहत चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया गया है।

अदालत ने ये भी साफ किया कि अगर आयोग को लगता है कि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में शामिल होने की वैधानिक शर्तें पूरी नहीं करता है तो आयोग उस व्यक्ति को सक्षम प्राधिकारी के पास भेज सकता है। मतदाता सूची से कोई भी नाम हटाना सक्षम प्राधिकारी द्वारा किए गए फैसले पर निर्भर होगा।

### मुक्त और निष्पक्ष चुनाव के लिए एसआईआर जरूरी

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में एक अहम बात कही। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव केवल मतदान की तकनीकी व्यवस्था तक सीमित नहीं हैं, बल्कि इसका आधार मतदाता सूची की शुद्धता, सटीकता और विश्वसनीयता भी है। कोर्ट ने माना कि एसआईआर का उद्देश्य इसी आधारभूत अखंडता को सुरक्षित करना है और यह मुक्त और निष्पक्ष चुनाव कराने की सांविधानिक अनिवार्यता को भी मजबूत करता है।

न्यायालय ने यह भी कहा कि चुनाव आयोग ने बताया है कि बीते चार दशक से अधिक समय बाद गहन पुनरीक्षण की जरूरत है क्योंकि इस दौरान बड़े पैमाने पर बदलाव हुए हैं, तेज शहरीकरण और पलायन से मतदाता सूची में दोहराव/त्रुटियों की संभावना है। यह मतदाता सूची की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

## कार की सीट के नीचे से 2.24 करोड़ रुपए बरामद

### पुलिस को देखकर गाड़ी भगाने लगे युवक, यूपी से अहमदाबाद ले जा रहे थे कैश

कोटा



कोटा में पुलिस ने कार की सीट के नीचे से 2 करोड़ 24 लाख रुपए का कैश बरामद किया है। ये रुपए सीट के नीचे बने 2 गुप्त बॉक्स में छिपाकर रखे गए थे। पुलिस ने कार सवार 2 युवकों को हिरासत में लिया है। ये युवक इन रुपयों को यूपी के लखनऊ, वाराणसी और प्रयागराज से लेकर अहमदाबाद (गुजरात ) जा रहे थे।

मामला चेचट थाना क्षेत्र के मोड़क रोड स्थित 8 लाइन तिराहे का मंगलवार रात का है। पुलिस जांच में सामने आया कि गुजरात के बाबूलाल कंपनी नाम की एक फर्म है। यह कंपनी हवाला ट्रांजैक्शन का काम करती है। यह दोनों व्यक्ति पिछले 2 सालों से इस कंपनी के लिए मंथली पेमेंट 25 से 30 हजार पर काम कर रहे हैं।

कोटा ग्रामीण पुलिस एसपी सुजीत शंकर ने बताया- मंगलवार रात पुलिस टीम ने चेचट क्षेत्र के 8 लाइन तिराहे, मोड़क रोड पर सघन नाकाबंदी कर रही थी। इसी दौरान गुजरात नंबर की एक एक्सयूवी-300 कार चेचट की तरफ आती दिखाई दी।

पुलिस ने कार को रुकने का इशारा किया, लेकिन ड्राइवर ने कार की रफ्तार बढ़ा दी। इस पर पुलिस ने कार के आगे बैरिकेडिंग लगाकर रुकवाया और कार सवार दोनों युवकों को डिटेन किया। पूछताछ के दौरान दोनों व्यक्ति संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, जिसके बाद पुलिस ने कार की तलाशी ली तो सीट के नीचे बने 2 गुप्त बॉक्स मिले, जिनमें भारी मात्रा में नकदी छिपाकर रखी गई थी। पुलिस ने मौके से कुल 2 करोड़ 24 लाख रुपए बरामद किए।

## ट्रेलर में घुसी इनोवा, कैंची धाम जा रहे 4 श्रद्धालुओं की मौत, 3 गंभीर

### -बाराबंकी में सुल्तानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर दर्दनाक हादसा

बाराबंकी (एजेंसी)। उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार और मंगलवार की दरम्यानी रात एक बेहद दर्दनाक सड़क हादसा सामने आया है। यहां सुल्तानपुर-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार इनोवा कार आगे चल रहे ट्रेलर में पीछे से जा घुसी। इस भीषण टक्कर में कार सवार चार श्रद्धालुओं की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा हैदरगढ़ थाना क्षेत्र के भिखरा गांव के पास देर रात करीब दो बजे हुआ। दुर्घटना इतनी भयावह थी कि कार के अगले हिस्से के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार लोग भीतर ही बुरी तरह फंस गए। आधी रात को हुए इस हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई, जिसे सुनकर दौड़े राहगीरों ने तुरंत स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी। जानकारी के अनुसार, कार में सवार सभी सात लोग उत्तराखंड स्थित प्रसिद्ध बाबा नीम करौली के कैंची धाम दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार हैदरगढ़ क्षेत्र में पहुंची, सुल्तानपुर से लखनऊ की ओर जा रहे एक ट्रेलर से उसकी जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस और राहत बचाव दल ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद कार को काटकर घायलों और शवों को बाहर निकाला। पुलिस ने सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पहुंचाया, जहां से उनकी नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उन्हें लखनऊ के केजीएमयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया। हादसे की खबर जैसे ही मृतकों के परिजनों को मिली, उनके घरों में कोहराम मच गया। इस सड़क हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं की पहचान राहुल कुमार (पुत्र संजय कुमार, निवासी मुगलसराय, जनपद चंदौली), राहुल सिंह (पुत्र अजय प्रताप, निवासी गैबीपुर, जनपद गाजीपुर), सत्यम सिंह (पुत्र स्वर्गीय तेज प्रताप सिंह, निवासी रामपुर रसड़ा, जनपद बलिया) और सूरज मिश्रा (निवासी निकसपुर, थाना सुल्तानपुर) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए यात्रियों में पंकज (पुत्र रमेश सिंह, निवासी चुनार, जनपद मिर्जापुर), प्रशांत (पुत्र अवध बिहारी, निवासी बेला, जनपद बलिया) और चंदन सिंह (पुत्र दशरथ सिंह, निवासी चुनार, जनपद मिर्जापुर) शामिल हैं, जिनका लखनऊ में इलाज चल रहा है। पुलिस ने चारों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और रात के समय चालक को झपकी आने को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है, फिलहाल पुलिस मामले की सघन जांच में जुटी है।

## बेटे की शादी में 3500 ग्रामीणों को दिया दुर्घटना बीमा का तोहफा

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले के बहादरपुरा गांव में एक शादी सामाजिक सरोकार की अनूठी मिसाल बनी है। जहां आमतौर पर शादी समारोहों में लाखों रुपये भव्य सजावट और आतिशबाजी पर खर्च होते हैं, वहीं पेठकर परिवार ने अपने बेटे सिद्धेश्वर पेठकर के विवाह को यादगार बनाकर समाज सेवा से जोड़ दिया। उन्होंने पूरे गांव के करीब 3500 लोगों का दुर्घटना बीमा कराकर एक ऐसी पहल की है, जिसकी हर ओर चर्चा हो रही है। पेठकर परिवार का मानना है कि विवाह केवल व्यक्तिगत खुशी का मौका नहीं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम भी होना चाहिए। इसी सोच के साथ, सिद्धेश्वर और मंजुषा के विवाह समारोह के अवसर पर, परिवार ने गांव के लोगों को भविष्य में किसी भी दुर्घटना या अप्रिय घटना की स्थिति में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया। इस कदम का उद्देश्य आकस्मिक परिस्थितियों में परिवारों को आर्थिक संकट से बचाना है। जैसे ही पहल की जानकारी गांव में सामने आई, ग्रामीणों में खुशी और गर्व का माहौल छा गया। गांव के बुजुर्गों और अन्य लोगों ने कदम की जमकर प्रशंसा की। उनका कहना है कि उन्होंने पहली बार किसी शादी में ऐसा प्रेरणादायक सामाजिक संदेश देखा है, और यह आने वाले समय में अन्य परिवारों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा। पेठकर परिवार के इस अनूठे कार्य की इलाके में व्यापक चर्चा हो रही है। सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने भी पहल की सराहना कर कहा है कि यदि समाज के सक्षम लोग अपने निजी आयोजनों को सामाजिक हित से जोड़ें, तब कई जरूरतमंदों की मदद की जा सकती है और समाज में सकारात्मक बदलाव लाए जा सकते हैं। बहादरपुरा गांव में अब यह शादी केवल एक पारिवारिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी का प्रतीक बन गई है, जिसने खुशियों के अवसर पर समाज के बारे में सोचने की एक नई शुरुआत की है।

## आज दिल्ली आ रहे सीएम विजय, पीएम मोदी से होनी हैं मुलाकात

चेन्नई (एजेंसी)। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय बुधवार को पदभार संभालने के बाद अपनी पहली दिल्ली यात्रा पर आ रहे हैं। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर सकते हैं। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री विजय बुधवार सुबह चेन्नई से दिल्ली के लिए रवाना होने वाले है। राज्य के गृह सचिव और अन्य वरिष्ठ अधिकारी मुख्यमंत्री की महत्वपूर्ण यात्रा की तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी के साथ विजय की बातचीत के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जो दोनों नेताओं के बीच पहली औपचारिक मुलाकात होगी। मुख्यमंत्री विजय के दौरे के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं सोनिया और राहुल गांधी से भी मिलने की संभावना है। अपनी दिल्ली यात्रा के एक अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रम में, विजय जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) में तमिलनाडु सरकार द्वारा स्थापित तमिल कवि-संत तिरुवल्लुवर की प्रतिमा का उद्घाटन भी करने वाले है। यह दौरा विजय के तमिलनाडु के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में 10 मई को शपथ लेने के कुछ ही सप्ताह बाद हो रहा है। उनकी पार्टी, तमिलगा वेट्री कज़गम (टीवीके), ने विधानसभा चुनावों में शानदार जीत हासिल की थी, जिसने राज्य की राजनीति में दशकों से चले आ रहे डीएमके और एआईएडीएमके के वर्चस्व को समाप्त कर दिया।

## राम मंदिर में 'पास' की अनिवार्यता खत्म, पूरे परिसर का दर्शन अब होगा संभव

अयोध्या (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर परिसर के भीतर स्थित सभी प्रमुख और पूरक मंदिरों में दर्शन करने के लिए 'पास' की अनिवार्य बाध्यता को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। अब श्रद्धालु अपनी इच्छानुसार न केवल रामलला दर्शन कर सकेंगे बल्कि राम दरबार परकोटे के छह देवी देवताओं के मंदिरों और सप्त ऋषियों-मुनियों के मंदिरों में भी बिना किसी रोक-टोक के सुगमता से दर्शन-पूजन कर पाएंगे। हालांकि ट्रस्ट ने साफ किया है कि यह खुली छूट और व्यवस्था अधिक दिनों तक स्थायी नहीं रहने वाली है। जैसे ही राम मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों की दैनिक संख्या एक लाख से अधिक होने लगेगी, वैसे ही ट्रस्ट अपनी पुरानी पास व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से दोबारा कड़ाई से लागू कर देगा।

# यूसीसी पर ओवैसी का पलटवार: मुसलमानों पर थोपा जा रहा हिंदू कानून

### – नितिन गडकरी ने पेश की स्वदेशी तकनीक

**हैदराबाद (एजेंसी)।** असम विधानसभा में हिमंत बिस्वा सरमा सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) विधेयक पेश होने के बाद एआईएमआईएम प्रमुख और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने यूसीसी कानून को मुसलमानों पर बैकडोर से हिंदू कानून थोपने का प्रयास बताया। असम, गुजरात, गोवा और उत्तराखंड के बाद चौथा भाजपा शासित राज्य बन गया है, जहां समान नागरिक संहिता अपनाने की प्रक्रिया शुरू की है।

एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने आरोप लगाया कि यह विधेयक मुस्लिम पर्सनल कानूनों पर सीधा हमला और उनके संवैधानिक अधिकारों का अतिक्रमण करता है। उन्होंने लिखा कि उत्तराधिकार, विरासत और तलाक जैसे महत्वपूर्ण मामलों में हिंदू सिद्धांतों को जबरन थोपा जा रहा है, जिसका उद्देश्य सिर्फ हिंदू संस्कृति को संरक्षित करना है, जबकि मुसलमानों को इन कथित समान कानूनों को मानने के लिए मजबूर किया।

हैदराबाद के सांसद ने असम के यूसीसी को असमान बताकर इसकी आलोचना की, क्योंकि इसमें आदिवासी समुदाय को इसके दायरे से पूरी तरह बाहर किया गया है। उन्होंने तर्क दिया कि जब



संविधान का अनुच्छेद 29 सभी समुदायों को अपनी संस्कृति की रक्षा का अधिकार देता है, तब केवल आदिवासियों की स्वायत्तता ही क्यों बचाया जा रहा है? ओवैसी के अनुसार, यह ऐसा कानून थोपने की कोशिश है जिसकी किसी को जरूरत नहीं, और संविधान सभा ने भी यूसीसी की अनिवार्यता को जरूरी नहीं समझा था। उन्होंने इस्लाम में विरासत के सिद्धांतों (कोई वारिस वंचित नहीं हो सकता, बेटियों को उचित हिस्सा मिलना) का जिक्र कर कहा कि यह यूसीसी बेटियों को वसीयत के जरिए उनके वाजिब हक से वंचित करने की इजाजत देता है, और इसका लैंगिक न्याय से कोई संबंध नहीं है।

असम सरकार के विधेयक के कानून बनने पर, बहुविवाह और दो विवाह सभी धर्मों के लिए गैर-कानूनी हो जाएंगे। इसमें महिलाओं को विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप के मामलों में समान अधिकार और कानूनी सुरक्षा मिलेगी। यह राज्य में विभिन्न धर्मों के व्यक्तिगत कानूनों की जगह लेगा, हालांकि अनुसूचित जनजातियों को इससे छूट दी गई है। विधेयक लड़कों के लिए विवाह की न्यूनतम आयु 21 और लड़कियों के लिए 18 साल निर्धारित करता है। सभी शादियों और तलाक का 60 दिनों के भीतर पंजीकरण अनिवार्य होगा।

इसके पहले असम विधानसभा में महत्वपूर्ण बहस के बीच, मुख्यमंत्री सरमा ने प्रस्तावित समान नागरिक संहिता (यूसीसी) विधेयक का जोरदार बचाव किया। उन्होंने यूसीसी को अल्पसंख्यक समुदायों की महिलाओं को अधिकतम सुरक्षा और न्याय देने वाला प्रगतिशील कदम बताया, विपक्ष पर मुद्दे पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया। सीएम सरमा ने स्पष्ट किया कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर सामाजिक न्याय को प्राथमिकता दे रही है, और यह विधेयक धार्मिक अल्पसंख्यक महिलाओं के विवाह, उत्तराधिकार और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित अधिकारों को मजबूत करेगा। इस विधेयक को सोमवार को संसदीय कार्य मंत्री अतुल बोरा ने मुख्यमंत्री की ओर से पेश किया था और इस पर 27 मई को चर्चा तथा पारित होने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री सरमा ने राज्य की आर्थिक प्रगति पर भी प्रकाश डाला, यह घोषणा करते हुए कि असम 2028 तक 10 लाख करोड़ रुपये की अर्थव्यवस्था बनने की राह पर है। उन्होंने बताया कि राज्य का सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 2021-22 में 4 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर वर्तमान में अनुमानित 8.72 लाख करोड़ रुपये हो गया है, जो 13 से 15 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर को दर्शाता है। इस अभूतपूर्व गति के साथ, असम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के विजन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। वित्त मंत्रालय ने भी इस बात की पुष्टि की है कि असम को 2014 से 2026 तक कर हस्तांतरण और केंद्रीय अनुदान के रूप में 5.61 लाख करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। इसके अतिरिक्त, टिकाऊ अवसंरचना के विकास के लिए पूंजीगत व्यय हेतु 17,000 करोड़ रुपये से अधिक का ब्याज-मुक्त ऋण भी प्रदान किया गया है।

## इबोला वायरस को लेकर भारत अलर्ट, अफ्रीकी देशों की यात्रा से बचने की सलाह

नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनियाभर में एक बार फिर इबोला वायरस का खतरा बढ़ता दिखाई दे रहा है। अफ्रीका के कई देशों में तेजी से फैल रहे संक्रमण को देखते हुए भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने भारतीय नागरिकों को कांगो, युगांडा और दक्षिण सूडान की गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह जारी की है। इन देशों में इबोला संक्रमण के सैकड़ों मामले सामने आने और बड़ी संख्या में लोगों की मौत के बाद स्वास्थ्य एजेंसियां चिंतित हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी हालात पर लगातार नजर बनाए हुए है और प्रभावित क्षेत्रों में स्थिति को गंभीर बताया गया है। जानकारी के अनुसार कांगो में इबोला का प्रकोप सबसे ज्यादा बढ़ा है। वहां बुंडिबुग्यो स्ट्रेन के मामले तेजी से सामने आ रहे हैं। कांगो सरकार के अनुसार देश के पूर्वी हिस्से में संदिग्ध मामलों की संख्या 900 से अधिक पहुंच चुकी है, जबकि 100 से ज्यादा संदिग्ध मौतें दर्ज की गई हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि सीमावर्ती इलाकों में आवाजाही अधिक होने के कारण युगांडा में भी संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ गया है। वहीं दक्षिण सूडान में कमजोर स्वास्थ्य व्यवस्था के चलते हालात और गंभीर माने जा रहे हैं। इबोला वायरस को अत्यधिक संक्रामक माना जाता है और यह संक्रमित व्यक्ति के शारीरिक द्रवों के संपर्क से फैलता है। गंभीर स्थिति में यह बीमारी जानलेवा साबित हो सकती है। संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की निगरानी भी सख्त कर दी है। कांगो, युगांडा, दक्षिण सूडान और उनके पड़ोसी देशों से आने वाले यात्रियों की प्रमुख हवाई अड्डों और बंदरगाहों पर मेडिकल स्क्रीनिंग अनिवार्य कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने निर्देश दिए हैं कि यदि किसी यात्री में तेज बुखार, उल्टी, दस्त, बदन दर्द या रक्तस्राव जैसे लक्षण दिखाई दें तो उसे तुरंत आइसोलेशन में रखा जाए। दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु जैसे महानगरों के बड़े सरकारी अस्पतालों को भी विशेष आइसोलेशन वार्ड तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने हाल ही में अफ्रीका से लौटे भारतीय नागरिकों से अपील की है कि यदि वे अस्वस्थ महसूस करें तो तुरंत स्वास्थ्य अधिकारियों को अपनी यात्रा संबंधी जानकारी दें। विशेषज्ञों का मानना है कि समय रहते सावधानी बरतने से संक्रमण को फैलने से रोका जा सकता है।

## अवैध बांग्लादेशियों को सीएम शुभेंदु की कड़ी चेतावनी: जल्दी भागो बंगाल से



### –बोले– कोई हमारे दामाद नहीं, जो उन्हें बिठाकर खिलाएं

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों को कड़ी चेतावनी देकर तुरंत देश छोड़कर जाने को कह दिया है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, जल्दी-जल्दी भागो यहां से, वरना कार्रवाई की जाएगी। सीएम अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार घुसपैठियों को जेल में रखकर रोटी नहीं खिलाएगी और न ही घुसपैठियों पर अपना पैसा बर्बाद करेगी। उन्होंने कहा, वह हमारे दामाद नहीं हैं, उन्हें बंगाल से भगाया जाएगा। मुख्यमंत्री शुभेंदु ने बताया कि बांग्लादेश के अधिकारी भी अपने लोगों को वापस लेने पर सहमत हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस अवैध बांग्लादेशियों की पहचान कर बीएसएफ को सौंपेगी, जो उनकी वापसी में मदद करेगा।

शुभेंदु सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह से एक्शन मोड में आ गई है। इससे पहले, राज्य सरकार ने अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों, जिसमें बांग्लादेशी और रोहिंग्या शामिल हैं, को उनके देश वापस भेजने के लिए विशेष होल्डिंग सेंटर बनाने के निर्देश जारी किए थे। इस संबंध में पश्चिम बंगाल के सभी जिलाधिकारियों को लिखित निर्देश और गाइडलाइंस भेजी गई हैं। जिलाधिकारियों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में इन सेंटरों के लिए उपयुक्त स्थानों की पहचान कर जल्द से जल्द आगे की कार्रवाई शुरू करने का आदेश दिया गया है। सरकार ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ अपनी नीतियों को सख्ती से लागू करने का संकल्प लिया है।

# अखिलेश का योगी सरकार पर बड़ा हमला: फर्जी मुठभेड़ों से खड़ा किया आपराधिक तंत्र

**लखनऊ (एजेंसी)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली उत्तर प्रदेश सरकार पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने सरकार पर फर्जी मुठभेड़ों के मकसद से आपराधिक तंत्र स्थापित करने और पुलिसकर्मियों का राजनीतिक उद्देश्यों के लिए दुरुपयोग करने का गंभीर आरोप लगाया।

लखनऊ में एक प्रेसवार्ता कर यादव ने दावा किया कि योगी सरकार पहले पुलिसकर्मियों को मुठभेड़ों में शामिल करती है और बाद में उन्हें छोड़ देती है। उन्होंने गोरखपुर फर्जी मुठभेड़ मामले का उदाहरण देकर कहा कि कई पुलिसकर्मी इस कारण जेल में हैं, जबकि योगी सरकार ने इससे पल्ला झाड़ लिया है। पूर्व सीएम यादव ने आरोप लगाया कि फर्जी मुठभेड़ों के जरिए पूरा एक आपराधिक तंत्र खड़ा किया गया है, जहां कुछ वकील ऐसी मनगढ़ंत कहानियों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं। उन्होंने आगाह किया कि फर्जी मुठभेड़ों में फँसने पर योगी सरकार पुलिसकर्मियों से मुँह मोड़ लेती है, और भविष्य में उनके अपने परिवार वाले भी उन्हें हत्यारा मनाते है। अखिलेश ने प्रथा को अलोकतांत्रिक बताकर इसकी कड़ी निंदा कर कहा कि फर्जी मुठभेड़ों में शामिल पुलिस अधिकारियों को आजीवन गंभीर परिणाम भुगतान होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि योगी सरकार इसके जरिए मनोवैज्ञानिक दबाव बना रही है और इसतरह के कृत्यों में शामिल पुलिसकर्मी हर दिन धीमी मौत मरते हैं। पूर्व सीएम यादव ने दावा किया कि कई अधिकारियों ने मुठभेड़ों के डर का फायदा उठाकर महिलाओं के खिलाफ अपराध किए हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि फर्जी मुठभेड़ों के डर से राज्य में निवेश नहीं आता, और भाजपा सरकार को भी अपने ही लोगों का नुकसान होता है। यादव ने विशेष रूप से जाति आधारित फर्जी मुठभेड़ों का उल्लेख किया। सपा प्रमुख ने बताया कि एक मुठभेड़ का अर्थ आम तौर पर झड़प होता है, जिसमें हिंसक या आपराधिक गतिविधियों के लिए कोई जगह नहीं होती। उन्होंने आरोप लगाया कि फर्जी मुठभेड़ों के जरिए एक मानसिक सॉफ्टवेयर सेट किया गया है,



जो अपडेट नहीं होता, जिससे लोगों में हिंसा भड़क रही है और हत्या को हिंसा के रूप में पेश किया जा रहा है। यादव ने कहा कि फर्जी मुठभेड़ें गलत हैं, लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ हैं, और सरकार अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रही है। यह प्रवृत्ति कई जगहों पर स्पष्ट रूप से देखी जा रही है।

## राहुल गांधी के खिलाफ परिवाद दायर, पीएम मोदी और अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी का आरोप

रायबरेली (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी के खिलाफ यहां अपर सिविल जज की अदालत में परिवाद दायर किया गया है। अधिवक्ता शकील अहमद खान ने सोमवार को गांधी के खिलाफ यह परिवाद दायर किया। खान ने परिवाद में कहा है कि राहुल गांधी ने गत 20 मई को अपने रायबरेली दौरे के दौरान डीह के लोधवारी गांव में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र शब्दों का प्रयोग किया जिससे उन्हें आघात लगा है। उन्होंने बताया कि अदालत से अनुरोध किया गया है कि न्याय हित में प्रार्थी व उसके गवाहों के साक्ष्य दर्ज कर राहुल गांधी को जिन धाराओं में दोषी पाया जाए उनमें तलब कर दंडित किया जाए। मालूम हो कि राहुल गांधी ने पिछले हफ्ते अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र रायबरेली के साथ-साथ अमेठी के दो दिवसीय दौरे के दौरान अपने भाषणों में प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश का आरोप लगाते हुए उन्हें 'गद्दार' कहा था।



# मंत्री के बेटे पर पॉक्सो का आरोप: आरएसएस ने भाजपा से किनारा किया

**हैदराबाद (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री बंडी संजय कुमार के बेटे साई भागीरथ को हैदराबाद में एक नाबालिग लड़की के यौन उत्पीड़न के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह मामला 31 दिसंबर, 2025 की रात नए साल की पार्टी से जुड़ा है, जहां भागीरथ पर नाबालिग को शराब पिलाने और छेड़छाड़ करने का आरोप है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, 17 वर्षीय पीड़िता और भागीरथ के बीच सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती हुई थी। आरोप है कि भागीरथ ने नाबालिग को बालिग होने पर शादी करने का झूठा वादा कर अपने जाल में फंसाया। पीड़िता की मां ने बताया कि भागीरथ मेरी बेटी को भावनात्मक रूप से ब्लैकमेल करता था और पढ़ाई-लिखाई तथा करियर से जुड़े फैसलों पर भी रोक लगाता था। आरोप है कि इस दौरान भागीरथ बेटी को कई बार निजी अपार्टमेंट और फार्म हाउस में ले जाकर यौन उत्पीड़न करता था, जिसमें 31 दिसंबर, 2025 की रात मोइनाबाद के फार्महाउस पर हुई घटना प्रमुख है, जब बेटी को जबरदस्ती शराब पिलाकर उसका यौन उत्पीड़न किया गया।

लेकिन शुरुआती दबाव के कारण परिवार ने शिकायत दर्ज कराने में देरी की। आखिरकार, करीब चार महीने बाद 8 मई को मां की शिकायत पर




साई भागीरथ

भागीरथ के खिलाफ पॉक्सो (पॉक्सो) एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। तेलंगाना पुलिस ने भागीरथ को 16 मई को गिरफ्तार किया। कुकटपल्ली की डिप्टी कमिश्नर आईपीएस रितिराज ने स्पष्ट किया कि भागीरथ ने आत्मसमर्पण नहीं किया था बल्कि मंत्री के बेटे को पुलिस ने पकड़ा है। इस मामले ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है, खासकर आरएसएस और भाजपा के बीच दरार पैदा हुई है। लोकसभा चुनाव में भाजपा की रिकॉर्ड 8 सीटों पर जीत में अहम भूमिका निभाने वाले तेलंगाना आरएसएस ने इस विवाद से खुद को पूरी तरह अलग कर लिया है। तेलंगाना के प्रांत प्रचारक कट्टा राजगोपाल ने कहा है कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है और अगर कोई उनके पदाधिकारियों को इसमें घसीटकर संघ की छवि खराब करने की कोशिश करेगा, तब कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## वेबसाइट बंद, सुप्रीम कोर्ट में याचिका ; अब क्या करेगी 'कॉकरोच जनता पार्टी', खुद दिया बड़ा संकेत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद चर्चा में आई 'कॉकरोच जनता पार्टी' अब खुद को केवल सोशल मीडिया अभियान तक सीमित नहीं रखना चाहती। पार्टी से जुड़े लोगों ने संकेत दिया है कि आने वाले समय में इसे युवाओं के बड़े जनआंदोलन के रूप में आगे बढ़ाया जाएगा। इंस्टाग्राम पर करोड़ों युवाओं को जोड़ने वाली इस मुहिम ने हाल ही में अपना रोडमैप जारी करते हुए कहा कि यह केवल शुरुआत है और आगे देशभर में कई स्तरों पर अभियान चलाए जाएंगे। हालांकि इस अभियान को लेकर विवाद भी लगातार बढ़ता जा रहा है। पार्टी की वेबसाइट पर कार्रवाई होने और सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर किए जाने के बाद मामला और ज्यादा चर्चा में आ गया है।

सोशल मीडिया पर जारी एक लंबे संदेश में 'कॉकरोच जनता पार्टी' ने खुद की तुलना उन जीवों से की जो कठिन परिस्थितियों में भी जीवित रहते हैं। पोस्ट में कहा गया कि देश का युवा वर्ग भी आज संघर्ष, बेरोजगारी और असुरक्षा जैसी परिस्थितियों से जूझ रहा है, लेकिन वह हार नहीं मानेगा। पार्टी ने दावा किया कि उसकी




विचारधारा भारतीय संविधान से प्रेरित है और वह लोकतंत्र, सामाजिक न्याय तथा धर्मनिरपेक्ष मूल्यों के लिए संघर्ष करेगी। संगठन ने महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू, भगत सिंह और नेताजी सुभाषचंद्र बोस जैसे नेताओं का उल्लेख करते हुए युवाओं से देश में बदलाव के लिए सुझाव भी मांगे हैं। पार्टी का कहना है कि बेरोजगारी, पेपर लीक, पर्यावरण और संस्थागत पारदर्शिता जैसे मुद्दों पर जल्द बड़े अभियान शुरू किए जाएंगे। इस बीच अभियान शुरू करने वाले अभिजीत दिपके को लगातार धमकियां मिलने की बात भी सामने आई है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित उनके घर के बाहर सुरक्षा के तौर पर पुलिस तैनात की गई है। अभिजीत फिलहाल अमेरिका के बोस्टन में हैं, जबकि उनके परिवार ने सुरक्षा को लेकर चिंता जताई है। दूसरी ओर, सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया गया है कि न्यायालय की टिप्पणियों का उपयोग प्रचार के लिए किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद यह पूरा विवाद शुरू हुआ था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर यह मुहिम तेजी से फैल गई।

# ब्रह्मोस मिसाइल की बढ़ी वैश्विक मांग, कई अरब देशों ने दिखाई दिलचस्पी




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत में निर्मित ब्रह्मोस और आकाश मिसाइल प्रणाली की वैश्विक मांग लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार पश्चिम एशिया के कई अरब देशों ने भारत से इन मिसाइलों की खरीद में रुचि दिखाई है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के बीच क्षेत्रीय सुरक्षा चिंताओं ने रक्षा तैयारियों को और तेज कर दिया है। बताया जा रहा है कि संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन और कतर जैसे देशों ने भारत से रक्षा खरीद को लेकर संपर्क किया है। हालांकि सरकार की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन रक्षा और विदेश मंत्रालय स्तर पर बातचीत जारी होने की जानकारी सामने आई है।

भारत और रूस के संयुक्त उपक्रम के तहत तैयार की जाने वाली ब्रह्मोस मिसाइल को दुनिया की सबसे आधुनिक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों में गिना जाता है। इसकी मारक क्षमता लगभग 300 किलोमीटर तक बताई जाती है। वहीं आकाश मिसाइल प्रणाली मध्यम दूरी तक दुश्मन के विमानों और ड्रोन हमलों को नष्ट करने में सक्षम मानी जाती है। हाल के वर्षों में भारतीय रक्षा तकनीक को लेकर दुनिया के कई देशों की रुचि बढ़ी है और भारत भी रक्षा निर्यात को नई रणनीतिक प्राथमिकता के रूप में आगे बढ़ा रहा है। सूत्रों का कहना है कि फिलीपींस को ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति के बाद अब कई अन्य देश भी इस रक्षा प्रणाली को खरीदने के इच्छुक हैं। पहले से करीब आधा दर्जन देश ब्रह्मोस के लिए कतार में बताए जा रहे थे और अब अरब देशों की दिलचस्पी ने इसकी मांग को और बढ़ा दिया है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत की मिसाइल तकनीक कम लागत और उच्च क्षमता के कारण वैश्विक रक्षा बाजार में तेजी से मजबूत स्थिति बना रही है।

इस बीच सऊदी अरब की ओर से अभी तक भारत से किसी औपचारिक रक्षा खरीद प्रस्ताव की जानकारी नहीं मिली है। माना जा रहा है कि पाकिस्तान के साथ रणनीतिक संबंधों के कारण सऊदी अरब फिलहाल संतुलित रुख अपनाए हुए है। हालांकि क्षेत्रीय हालात तेजी से बदल रहे हैं और ऐसे में रक्षा साझेदारियों के नए समीकरण बनने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। भारत के लिए यह अवसर रक्षा निर्यात बढ़ाने के साथ-साथ वैश्विक रणनीतिक प्रभाव मजबूत करने के रूप में भी देखा जा रहा है।

# लगातार तीन दिन से लोगों की जानें ले रहा तिलस्वां घाटा, तीन दिन में दूसरा बड़ा हादसा, 3 मजदूरों की मौत, प्रशासन मौन

**तीन दिन में दूसरा बड़ा हादसा: बेकाबू पिकअप खाई में गिरी, चालक फरार; सुरक्षा इंतजामों पर उठे गंभीर सवाल, आखिर मौतों का जिम्मेदार कौन?**

स्मार्ट हलचल | तिलस्वां

राजस्थान बॉर्डर पर स्थित तिलस्वां घाटा इन दिनों खूनी घाटा साबित हो रहा है। लगातार तीसरे दिन इस खतरनाक मोड़ ने लोगों की जिंदगी लील ली। मंगलवार रात करीब 10 बजे मजदूरों से भरा एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। इस भीषण हादसे में तीन मजदूरों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लगातार हो रहे हादसों के बावजूद प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों में भारी आक्रोश व्याप्त है। सवाल उठ रहा है कि इन मौतों का असली जिम्मेदार कौन है?





### बाल्टियों के ऊपर बैठे थे मजदूर, रंग से सने शवों ने दहलाया दिल

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पिकअप वाहन राजस्थान के धौलपुर से बांसवाड़ा की ओर जा रहा था। वाहन में आंगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य के लिए पेंट की बाल्टियां भरी हुई थीं और मजदूर उन्हीं बाल्टियों के ऊपर बैठे थे। तिलस्वां घाट के खतरनाक मोड़ पर अचानक वाहन चालक संतुलन खो बैठा और पिकअप सीधे गहरी खाई में जा उतरी। हादसा इतना भयावह था कि बाल्टियों में भरा रंग चारों तरफ बिखर गया और मृतकों के शव रंग से सन गए, जिससे घटनास्थल का दृश्य देखकर हर किसी का दिल दहल उठा। हादसे के बाद आरोपी चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है।

### यूपी और जयपुर के रहने वाले थे मृतक, घायल कोटा रेफर

हादसे में जान गंवाने वाले मजदूर उत्तर प्रदेश के बरेली, गाजीपुर तथा राजस्थान के जयपुर के निवासी बताए जा रहे हैं। वहीं, इस घटना में मोहम्मद जाकिर (40), इदरीस और सोमपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही सिंगोली थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा और तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थानीय ग्रामीणों और राहगीरों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद शवों को खाई से बाहर निकालकर सिंगोली अस्पताल की मॉर्चुरी में रखवाया गया। तीनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत में कोटा रेफर किया गया है। पुलिस ने वाहन को जब्त कर मर्ग कायम किया है।

### रविवार को पलटी थी बस: प्रशासन सो रहा, लोग मर रहे

तिलस्वां घाटे के सुरक्षा इंतजाम केवल कागजों तक सीमित हैं। अभी दो दिन पहले, यानी रविवार को भी इसी घाट पर 'शिव शक्ति ट्रेवल्स' की बस पलटने से करीब 30 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए थे। उस हादसे के बाद भी प्रशासन ने कोई सबक नहीं लिया। घाट पर न तो पर्याप्त संकेतक हैं, न ही रिफ्लेक्टर और मजबूत क्रैश बैरियर। रोजाना हो रहे इन हादसों ने साबित कर दिया है कि जिम्मेदार अधिकारी जनता की जान की कीमत पर तमाशबीन बने हुए हैं।

**स्मार्ट हलचल की खबर का बड़ा असर**

# गुरला में नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले पेट्रोल पंप को किया सीज



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा




गुरला में श्रीनाथ पेट्रोल पंप द्वारा नियमों की अनदेखी करने का मामला सामने आने के बाद स्मार्ट हलचल ने इस लापरवाही को प्रमुखता से प्रकाशित किया । जिसके बाद जिला प्रशासन हरकत में आया ओर पेट्रोल पम्प को सीज कर दिया । अग्रिम आदर्शों तक पेट्रोल पंप पर बिक्री और निर्माण कार्य पर रोक रहेगी । स्मार्ट हलचल ने उक्त खबर को ' सरेआम नियमों की उड़ रही धज्जियां : गुरला के श्रीनाथ पेट्रोल पंप पर वेल्डिंग की चिंगारियों के बीच भरा जा रहा पेट्रोल डीजल, खुले ड्रमों में धड़ल्ले से हो रही सप्लाई ' शीर्षक के साथ मंगलवार, बुधवार के अंक में प्रकाशित किया था । जिसके बाद प्रशासन ने एक्शन लिया और डीएसओ अमरेंद्र मिश्रा की अगुवाई में टीम निर्कायवाही करते हुए पंप को सीज कर दिया । गौरतलब है कि जिला प्रशासन के सख्त निर्देशों ओर सुरक्षा मापदंडों के बावजूद श्रीनाथ पेट्रोल पंप पर नियमों की अवहेलना की जा रही थी । जहां निर्माणाधीन शेड पर वेल्डिंग का कार्य किया जा रहा था उसी के पास वाहनों में पेट्रोल डीजल भरा जा रहा था, चिंगारियों के बीच वाहनों में पेट्रोल डीजल भरा जा रहा था जो बेहद खतरनाक साबित हो सकता था इतना ही नहीं पंप द्वारा ट्रेक्टर ट्रॉलियों में रखे बड़े ड्रमों में भी बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम के ईंधन की सप्लाई की जा रही थी । उक्त लापरवाही को स्मार्ट हलचल ने प्रमुखता से उजागर किया था।

# कोटा-चित्तौड़गढ़ हाईवे पर सर्विस रोड और डिवाइडर के पास अवैध पार्किंग से बढ़ा हादसों का खतरा, ग्रामीण परेशान

**एनएच-27 पर डिवाइडर और सर्विस लेन के पास बेतरतीब खड़े भारी वाहनों से आए दिन हो रहे हादसे, गोवंश भी गंवा रहे जान**





स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कोटा-चित्तौड़गढ़ राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-27 पर स्थित लाडपुरा चौराहे पर इन दिनों यातायात व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। चौराहे पर सर्विस रोड के पास और लाडपुरा गांव के अंदर जाने वाले मुख्य रास्ते पर भारी वाहनों को अवैध रूप से खड़ा किया जा रहा है। लापरवाही की हद यह है कि गाड़ियां खड़ी करने वाले अधिकांश लोग स्थानीय या आस-पास के ही हैं, जो रात के समय अपने भारी वाहनों को सड़क पर ही लावारिस छोड़कर घर चले जाते हैं। इससे हाईवे और ग्रामीण मार्ग पर आवागमन पूरी तरह बाधित हो रहा है। ग्रामीणों द्वारा टोकने पर भी ये वाहन चालक ध्यान नहीं दे रहे हैं। वाहन मालिकों व चालकों से अपील है कि वे चौराहे और गांव के रास्तों पर गाड़ियां खड़ी न करें।

### ओट के कारण नहीं दिखते सामने से आ रहे वाहन

नेशनल हाईवे पर लाडपुरा से भीलवाड़ा जाने वाले मार्ग पर चौराहे के दोनों ओर डिवाइडर के पास बड़े वाहनों के खड़े रहने से विजिबिलिटी (दृश्यता) शून्य हो जाती है। हाईवे किनारे इन भारी वाहनों के खड़े होने की वजह से सामने से आ रहे वाहन दिखाई नहीं देते, जिससे भीषण दुर्घटना की आशंका लगातार बनी रहती है। आमजन को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए रोजाना जान जोखिम में डालनी पड़ रही है।

### आवारा मवेशी और चाय की थड़ियों पर लापरवाही

सड़क के दोनों ओर खड़े वाहनों की ओट से अचानक मवेशी सड़क पर आ जाते हैं, जिससे टकराकर अब तक कई गोवंश की मौत हो चुकी है। रात के समय चौराहे पर आवारा जानवरों का जमावड़ा रहता है, जिससे वाहन चालकों के लिए खतरा और बढ़ जाता है। इसके अलावा, कई वाहन चालक लाडपुरा, मांडलगढ़ आदि जगहों पर सड़क मार्ग के दोनों तरफ अपने वाहनों को बीच रास्ते में ही खड़ा कर चाय की थड़ियों पर चले जाते हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से हाईवे और चौराहे को अवैध पार्किंग से मुक्त करवाने की पुरजोर मांग की है।

# महंगाई, पेयजल और बिजली संकट सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर कांग्रेस का हल्लाबोल

**कांग्रेस कार्यालय से कलेक्ट्रेट तक निकाली विरोध रैली, सौंपा ज्ञापन**

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत



**भीलवाड़ा।** बढ़ती महंगाई, पेयजल संकट, अघोषित बिजली कटौती और बेरोजगारी सहित विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी शहर के कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस कार्यकर्ता रैली के रूप में कांग्रेस कार्यालय से जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे, जहां कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी कर राज्य सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार तक आमजन की समस्याएं पहुंचाने की मांग की। इसके बाद एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर विभिन्न मुद्दों पर शीघ्र कार्रवाई की मांग उठाई गई।

पीसीसी मेंबर मनोज पालीवाल ने कहा कि लगातार बढ़ती पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की कीमतों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। सरकार महंगाई पर नियंत्रण करने में पूरी तरह विफल साबित हो रही है, जबकि देशभर की जनता महंगाई की मार झेल रही है। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा की पहचान वस्त्र नगरी के रूप में रही है, लेकिन शहर की खस्ताहाल सड़कें और जगह-जगह गड्ढे इस पहचान को धूमिल कर रहे हैं।

एडवोकेट कुणाल ओझा ने कहा कि भीलवाड़ा शहर में पेयजल संकट, बिजली कटौती, सीवरेज कार्यों की अव्यवस्था एवं नालों की सफाई नहीं होने से आमजन परेशान है। एडवोकेट कुणाल ओझा ने बताया कि बरसात से पूर्व प्रशासन को व्यवस्थाएं दुरुस्त करनी चाहिए ताकि शहरवासियों को राहत मिल सके। नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। कांग्रेस पार्टी आमजन एवं युवाओं की आवाज को लगातार उठाती रहेगी।

ज्ञापन में शहर में नियमित एवं पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने, अघोषित बिजली कटौती पर तत्काल रोक लगाने तथा निर्बाध विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की गई। इसके अलावा बरसात से पहले मुख्य नालों और छोटी नालियों की प्रभावी सफाई कराने, गांधी नगर ब्लॉक क्षेत्र में चल रहे सीवरेज कार्य को समयबद्ध तरीके से पूरा करने की भी मांग उठाई गई।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने युवाओं से जुड़े मुद्दों को भी प्रमुखता से उठाते हुए प्रदेश में बढ़ती बेरोजगारी पर चिंता जताई। साथ ही नीट परीक्षा पेपर लीक मामले की निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की, ताकि युवाओं का विश्वास दोबारा कायम हो सके। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि ज्ञापन में उठाए गए सभी मुद्दे सीधे आमजन के दैनिक जीवन और युवाओं के भविष्य से जुड़े हुए हैं। ऐसे में सरकार को इन समस्याओं पर गंभीरता से ध्यान देकर जल्द राहत प्रदान करनी चाहिए।

# भीलवाड़ा में बम की सूचना से मचा हड़कंप, बैंक, स्कूलों और मंदिरों में पुलिस ने चलाया विशेष सर्च ऑपरेशन, संदिग्धों से पूछताछ जारी

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** शहर में बैंकों, बड़े मंदिरों और स्कूलों में बम होने की सूचना मिलने के बाद भीलवाड़ा पुलिस हाई अलर्ट मोड पर आ गई है। सूचना के बाद पूरे शहर में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और पुलिस की अलग-अलग टीमें लगातार सर्च ऑपरेशन चला रही हैं। संवेदनशील स्थानों पर चप्पे-चप्पे की तलाशी ली जा रही है, जिससे आमजन में भी हलचल का माहौल बना हुआ है। पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो शहर के प्रमुख बैंक, बड़े मंदिरों और स्कूल परिसरों में जांच अभियान चला रही हैं। पुलिस मेटल डिटेक्टर की सहायता से संदिग्ध वस्तुओं की गहन जांच कर रही है, वहीं संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ भी की जा रही है। गांधीनगर थाने के एएसआई सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक और सीओ सिटी के निर्देश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। सूचना मिली थी कि बैंक, बड़े मंदिरों और स्कूलों में विस्फोटक सामग्री हो सकती है। इसके बाद सभी टीमों को तत्काल अलर्ट कर संवेदनशील स्थानों पर जांच के निर्देश दिए गए। उन्होंने बताया कि पुलिस की दो से तीन टीमें लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में सर्च ऑपरेशन कर रही हैं। किसी भी संदिग्ध वस्तु के मिलने पर तत्काल उच्च अधिकारियों को सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। फिलहाल पुलिस हर गतिविधि पर पैनी नजर बनाए हुए है।

## चोरी की स्पोर्ट्स बाइक बरामद

**चित्तौड़गढ़।** सदर थाना पुलिस ने प्रतापनगर क्षेत्र से चोरी हुई करीब 3 लाख रुपये मूल्य की स्पोर्ट्स मोटरसाइकिल केटीएम ड्यूक बरामद कर एक युवक को गिरफ्तार किया। टीम ने मुखबिरों की सूचना और तकनीकी सहायता से अनुसंधान करते हुए सुनिल (19) पिता रामा मीणा निवासी गांव डेरा फला (जावर माईन्स) थाना टीडी जिला उदयपुर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई केटीएम ड्यूब बाइक बरामद कर ली।

**खबर का बड़ा असर**

# निर्माणाधीन पुलियाओं का विधायक कोठारी एवं यूआईटी अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**दिपावली तक मिल सकती है पुलिया की सौगात, अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, सितंबर तक कार्य पूर्ण करने का दावा**



स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

उपनगर सांगानेर क्षेत्र में पिछले करीब छह वर्षों से निर्माणाधीन पुलिया एवं बदहाल वैकल्पिक मार्ग को लेकर स्मार्ट हलचल ने बुधवार के अंक में शीर्षक 'डबल इंजन की सरकार में गति ट्रैक पर नहीं, निर्माणाधीन पुलिया, क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश चक्का जाम करने की चेतावनी' के साथ प्रकाशित कर प्रशासन ओर जनप्रतिनिधियों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया । इस बीच आखिरकार जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की सक्रियता देखने को मिली। स्थानीय लोगों द्वारा लगातार उठाई जा रही समस्याओं तथा समाचार प्रकाशन के बाद विधायक अशोक कोठारी ने नगर विकास न्यास (यूआईटी) अधिकारियों के साथ विभिन्न निर्माणाधीन पुलियाओं और ओवरब्रिजों का निरीक्षण कर कार्य प्रगति का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक


डबल इंजन की सरकार में गति ट्रैक पर नहीं, निर्माणाधीन पुलिया

निर्देश दिए। बुधवार को विधायक कोठारी ने अपनी टीम एवं यूआईटी अधिकारियों के साथ भीलवाड़ा-अजमेर मार्ग स्थित निर्माणाधीन जोधड़ास रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि ओवरब्रिज के महत्वपूर्ण 90 मीटर लंबे स्ट्रक्चर के निर्माण के लिए डिजाइन एवं नक्शा रेलवे विभाग को स्वीकृति हेतु भेजा।

# बालश्रम और बाल तस्करी के खिलाफ राजस्थान पुलिस का बड़ा अभियान

**1 जून से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान 'उमंग-VII', डीजीपी राजीव कुमार शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में होगी सघन कार्रवाई**

स्मार्ट हलचल | जयपुर

राजस्थान में बालश्रम, बाल बंधुआ मजदूरी एवं मानव दुर्व्यापार (बाल तस्करी) के खिलाफ राज्यव्यापी एक माह का विशेष अभियान 'उमंग-VII' चलाया जाएगा। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार यह अभियान 1 जून से 30 जून 2026 तक प्रदेशभर में संचालित होगा। अभियान का उद्देश्य बालश्रम एवं बाल तस्करी जैसी गंभीर सामाजिक बुराइयों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा पीड़ित बच्चों का पुनर्वास सुनिश्चित करना है।




इस संबंध में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (सिविल राइट्स एवं एएचटी) हवासिंह घुमरिया ने प्रदेश के समस्त पुलिस आयुक्तों, रेंज आईजी, पुलिस उपायुक्तों एवं जिला पुलिस अधीक्षकों सहित जीआरपी अजमेर एवं जोधपुर को विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेश में अभियान को पूरी संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त

अभियान के प्रभावी संचालन के लिए प्रत्येक जिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है । जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देशित किया गया है कि वे अभियान से जुड़े सभी विभागों एवं हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित करें। इसके तहत सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति, शेल्टर होम, चिल्ड्रन होम तथा विभिन्न गैर सरकारी संगठनों के साथ बैठक आयोजित कर संयुक्त रणनीति तैयार की जाएगी।

### थानेवार रेस्क्यू टीमें होंगी गठित

पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि प्रत्येक जिले में थानेवार विशेष रेस्क्यू टीमों का गठन किया जाए। प्रत्येक टीम में एक एसआई अथवा एएसआई सहित चार पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इन टीमों को अभियान शुरू होने से पहले विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि बालश्रम एवं मानव तस्करी के मामलों की पहचान और कार्रवाई प्रभावी ढंग से हो सके। इन टीमों में महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण विभाग, बाल अधिकारिता विभाग, बाल कल्याण समिति तथा एनजीओ प्रतिनिधियों को भी शामिल किया जाएगा, जिससे रेस्क्यू और पुनर्वास कार्य अधिक संवेदनशील एवं समन्वित रूप से किया जा सके।

### चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे बच्चे

रेस्क्यू किए गए बच्चों को संबंधित चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही बच्चों के माता-पिता एवं परिजनों की जानकारी जुटाकर उन्हें परिवार से पुनः मिलाने के प्रयास किए जाएंगे। अन्य राज्यों से लाए गए नाबालिग बच्चों के मामलों में संबंधित राज्य एवं स्थानीय थानों को भी तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं।

### मानव तस्करी गिरोहों पर होगी कड़ी कार्रवाई

पुलिस मुख्यालय ने विशेष रूप से निर्देश दिए हैं कि बालश्रम एवं बाल तस्करी के पीछे सक्रिय संगठित गिरोहों की पहचान कर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। बच्चों के रात्रि निवास स्थलों की भी जांच की जाएगी ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं कोई संगठित गैंग तो सक्रिय नहीं है। यदि मानव तस्करी से जुड़े मामले सामने आते हैं तो भारतीय न्याय संहिता की धारा 143, 144, 145, 146, 98 एवं 99 के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त किशोर न्याय अधिनियम 2015 की धारा 75 एवं 79 तथा बालश्रम प्रतिषेध अधिनियम 1986 के प्रावधानों के तहत भी सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### ढाबों, फैक्ट्रियों, होटलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में होगी स्क्रीनिंग

विशेष अभियान के दौरान होटल, ढाबे, ईंट भट्टे, फैक्ट्रियां, रेलवे प्लेटफॉर्म, बस स्टैंड, धार्मिक स्थल, हाईवे किनारे स्थित ढाबों तथा अस्थायी बस्तियों में रह रहे बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। पुलिस मुख्यालय ने निर्देश दिए हैं कि ऐसे बच्चों की पहचान कर उनका पूरा विवरण, फोटोग्राफ एवं आवश्यकता अनुसार वीडियोग्राफी भी की जाए। यदि कोई बच्चा गुमशुदा अथवा मानव तस्करी का शिकार पाया जाता है तो उसके संबंध में तुरंत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुक्त कराए गए बच्चों का मेडिकल परीक्षण करवाया जाएगा तथा जरूरत पड़ने पर उनकी मानसिक स्थिति का भी परीक्षण कराया जाएगा।

### डीजीपी का स्पष्ट संदेश : बच्चों के शोषण पर जीरो टॉलरेंस

पुलिस मुख्यालय ने स्पष्ट किया है कि बालश्रम, बाल बंधुआ मजदूरी एवं बाल तस्करी जैसे अपराधों के खिलाफ राज्य सरकार और राजस्थान पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति है। अभियान 'उमंग-VII' के माध्यम से न केवल बच्चों को शोषण से मुक्त कराया जाएगा, बल्कि अपराधियों और संगठित गिरोहों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

### अखिल भारतीय गुर्जर महासभा का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न, महत्वपूर्ण विषयों पर किया विचार विमर्श

# समाज का जो नहीं, वह अपने परिवार और बाप का भी नहीं हो सकताः प्रदेशाध्यक्ष धाभाई

### राधेश्याम भड़ाना को बनाया सर्वसम्मति से भीलवाड़ा जिलाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष भड़ाना बोले, गुर्जर समाज की सेवा मेरा सौभाग्य है








स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा द्वारा मंगलवार को नगर निगम टाउन हॉल, भीलवाड़ा में शपथ ग्रहण एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों से आए समाज के प्रमुख पदाधिकारियों, संत-महात्माओं, जनप्रतिनिधियों, महिला प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, शिक्षाविदों, युवाओं एवं बड़ी संख्या में समाजजनों ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान समाज की एकता, शिक्षा, संगठन, महिला सशक्तिकरण, युवा जागरूकता तथा सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया। कार्यक्रम का वातावरण सामाजिक उत्साह, सांस्कृतिक गरिमा और एकजुटता की भावना से ओतप्रोत दिखाई दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरधन भाई झडफिया (पूर्व गृहमंत्री गुजरात) ने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति शिक्षा के माध्यम से ही संभव है। उन्होंने समाज के लोगों से आह्वान किया कि प्रत्येक परिवार अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाने की दिशा में कार्य करे तथा उन्हें प्रशासनिक सेवाओं, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, न्यायपालिका, तकनीकी शिक्षा एवं अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करे। महंत सुरेशदास महाराज ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को अच्छे संस्कार देना भी अत्यंत आवश्यक है।

संत निर्मलराम महाराज ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्तमान समय में युवाओं को अच्छे विचार, सकारात्मक सोच और सदाचार की आवश्यकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक व कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष गोपीचंद गुर्जर ने समाज की एकता और संगठन को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि समाज के विकास के लिए सभी लोगों को व्यक्तिगत मतभेदों से ऊपर उठकर सामूहिक हितों के लिए कार्य करना होगा। राष्ट्रीय महामंत्री एवं मांडल विधायक उदयलाल भड़ाना ने कहा कि समाज और क्षेत्र के विकास के लिए वे सदैव समर्पित भाव से कार्य करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कारयुक्त शिक्षा देना वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है क्योंकि शिक्षा ही समाज के विकास और परिवर्तन का सबसे सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व में भीलवाड़ा शहर में गुर्जर छात्रावास का भव्य निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे समाज के विद्यार्थियों को शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी तथा आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को भी लाभ मिलेगा। उन्होंने समाज के दिवंगत समाजसेवी स्वर्गीय रामचंद्र पाटिल एवं भैरूलाल भड़ाना के योगदान को याद करते हुए कहा कि ऐसे व्यक्तित्व समाज के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। इस दौरान उन्होंने मांडल क्षेत्र में लंबे समय से बंद पड़े देवनारायण मंदिर को पुनः खुलवाने के लिए चल रहे अपने प्रयासों की भी जानकारी दी। मुख्य वक्ता महासभा के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बच्चू सिंह बैंसला ने समाज की राजनीतिक भागीदारी एवं सामाजिक सम्मान पर जोर देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में गुर्जर समाज का राजनीतिक शोषण स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि समाज को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए तथा संगठित रहकर अपनी पहचान और सम्मान को मजबूत करना चाहिए। पूर्व कैबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला द्वारा समाज के लिए किए गए संघर्ष एवं योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से समाज में नई जागरूकता एवं एकता की भावना विकसित हुई। महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामप्रसाद धाभाई ने गुर्जर समाज के गौरवशाली इतिहास और समाज की गौरवमयी परंपराओं का उल्लेख करते हुए समाजजनों से अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य निर्माण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। धाभाई ने बेहद कड़े और बेबाक लहजे में समाज सेवा का महत्व समझाया। उन्होंने कहा, जो समाज का नहीं हो सकता, वह अपने परिवार और बाप का भी नहीं हो सकता। जिलाध्यक्ष राधेश्याम भड़ाना ने समाज सेवा, संगठन और एकता को मजबूत करने पर बल दिया। समाज के लिए सदैव तन मन धन समर्पित भाव से कार्य करेंगे। गुर्जर समाज की सेवा मेरा सौभाग्य है। सरपंच खुशबू गुर्जर ने युवाओं से नशा मुक्ति, बेहतर स्वास्थ्य एवं सामाजिक जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष कामिनी गुर्जर ने महिला शिक्षा, महिला जागरूकता एवं महिला संगठन की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है जब महिलाओं को शिक्षा एवं नेतृत्व में समान अवसर प्रदान किए जाएं। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महामंत्री जगदीश भाई पटेल, पंजाब प्रदेशाध्यक्ष कमल चौहान, उत्तरप्रदेश प्रदेशाध्यक्ष चंद्रवीर गुर्जर, गुजरात प्रदेशाध्यक्ष मोहन भाई पटेल, हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष सांवरमल गुर्जर, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीएन सिंह गुर्जर, शिवकुमार गुर्जर, सूरजमल गुर्जर, कन्हैयालाल गुर्जर, नारायण सिंह गुर्जर, राजूलाल गुर्जर, गोपाल गुर्जर, ओमप्रकाश गुर्जर, मुकेश गुर्जर सहित अन्य वक्ताओं ने भी समाज संगठन, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, शिक्षा के प्रचार प्रसार तथा सामाजिक चेतना को मजबूत बनाने पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम सामाजिक एकता, शिक्षा एवं समाज के सर्वांगीण विकास के संकल्प के साथ संपन्न हुआ।

## 5,000 का इनामी अपराधी काना उर्फ कन्हैया लाल गिरफ्तार

### हत्या के प्रयास और अपहरण के मामलों में था फरार

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला पुलिस अधीक्षक सागर राणा के निर्देशन में भीलवाड़ा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला विशेष टीम और करेड़ा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए 5,000 के वांछित इनामी अपराधी काना उर्फ कन्हैया लाल गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पुलिस थाना करेड़ा के हत्या के प्रयास और पुलिस थाना बागौर के अपहरण के एक मामले में लंबे समय से फरार चल रहा था। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सहाड़ा) बुद्धराज के निर्देशन, वृत्ताधिकारी (आसीन्द) ओमप्रकाश के सुपरविजन तथा करेड़ा थानाधिकारी पुरण मल मीणा के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा की गई।

#### मामला क्या था?

घटना 6 फरवरी 2026 की है। प्रार्थी कन्हैया लाल गुर्जर (निवासी नाहरी, रायपुर हाल जालमपुरा चौराया) द्वारा दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसारः

#### लड़ाई-झगड़े में बीच-बचावः

प्रार्थी का भतीजा धवल कुमार गुर्जर 6 फरवरी की रात को भीलवाड़ा से नाहरी लौट रहा था। देर रात होने के कारण वह केसरपुरा में अपने साढू के घर रुक गया। सुबह वहां हो रहे एक झगड़े में धवल ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद वह पैदल ही नाहरी के लिए निकल गया।

#### साजिश के तहत हमलाः

रास्ते में जालमपुरा चौराया-छापरिया खेड़ा मोड़ के पास धवल ने अपने दोस्त दीपक लाठी को फोन किया। दीपक ने साजिश के तहत धवल से कहा कि बेमाली की तरफ से जगदीश गुर्जर एक बिना नंबर की सफेद स्विफ्ट कार लेकर आ रहा है, वह उसी में बैठ जाए। जैसे ही धवल ने गाड़ी को हाथ दिया, उसमें से जगदीश गुर्जर और दो अन्य अज्ञात युवक उतरे। उन्होंने धवल पर लकड़ी के डंडों और लोहे के सरियों से जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में धवल के शरीर पर गंभीर चोटें आईं और कई हड्डियां फ्रैक्चर हो गईं। आरोपी उसे मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए।

इस शिकायत पर करेड़ा थाने में प्रकरण संख्या 30/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 126(2), 115(2), 118(2), 109(1), और 3(5) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

#### पुलिस टीम को कैसे मिली सफलता?

वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए गठित विशेष टीम ने पारंपरिक पुलिसिंग के साथ-साथ आधुनिक तकनीकी और वैज्ञानिक तरीकों का उपयोग किया। पुलिस ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर संदिग्धों पर पैनी नजर रखी।आरोपियों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर निकालकर उनका गहन विश्लेषण किया गया। पूर्व में गिरफ्तार हो चुके आरोपियों के करीबियों और सहयोगियों की निगरानी की गई। सटीक सूचना के आधार पर टीम ने दबिश देकर इनामी बदमाश काना उर्फ कन्हैया लाल (पिता श्रवण लाल गुर्जर, निवासी सराधना का बाडिया, करेड़ा) को दबोच लिया।

## लाडपुरा में सरकारी भूमि पर चला प्रशासन का डंडा

### देवनारायण की बन्नी में अवैध अतिक्रमण ध्वस्त, अतिचारी पाबंद

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे के देवनारायण की बन्नी क्षेत्र में बेशकीमती सरकारी भूमि पर पैर पसार रहे अवैध अतिक्रमण के खिलाफ उपखण्ड प्रशासन के निर्देश पर राजस्व टीम ने बुधवार को त्वरित कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। यह प्रशासनिक कार्रवाई ग्रामीणों द्वारा मांडलगढ़ उपखण्ड अधिकारी को सौंपे गए शिकायत पत्र के बाद अमल में लाई गई है।

#### अवैध निर्माण करते रंगे हाथ पकड़ाः

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लाडपुरा के ग्रामवासियों ने श्रीमान उपखण्ड अधिकारी मांडलगढ़ को एक शिकायती पत्र सौंपकर देवनारायण की बन्नी क्षेत्र में हो रहे अवैध अतिक्रमण की जांच करने और इसे रुकवाने की गुहार लगाई थी। एसडीएम के कड़े रुख के बाद बुधवार को भू-अभिलेख निरीक्षक लाडपुरा के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम मौके पर जांच हेतु पहुंची। निरीक्षण के दौरान मौके पर पाया गया कि कालू लाल पिता गोपाल सेन द्वारा सरकारी जमीन पर भारी मात्रा में पत्थर डालकर एवं कच्ची दीवार खड़ी कर धड़ल्ले से नया अतिक्रमण किया जा रहा था।



**एसडीएम मांडलगढ़ को ग्रामीणों की शिकायत के बाद हरकत में आया राजस्व विभाग, मौके पर हटाई कच्ची दीवार और पत्थर, दोबारा कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी**

#### दीवार ढहाई, दुबारा अतिक्रमण करने पर मिलेगी जेल की हवाः

राजस्व टीम ने बिना वक्त गंवाए मौके पर ही अवैध रूप से डाले गए पत्थरों को हटवाया और अवैध कच्ची दीवार को पूरी तरह ध्वस्त कर अतिक्रमण हटाने की सख्त कार्रवाई की। इसके साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा अतिचारी को भविष्य में सरकारी भूमि पर दोबारा आंख न उठाने के लिए कड़ाई से पाबंद किया गया। टीम ने सख्त हिदायत दी कि यदि पुनः अतिक्रमण का प्रयास किया गया तो मामला दर्ज कर सीधे कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी और क्षेत्र के पटवारी सहित राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## खबर का असरः लाडपुरा में 25 दिन बाद पहुंची रसोई गैस की गाड़ी

### सिलेंडर देखते ही बस स्टैंड पर उमड़ी भारी भीड़

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** कस्बे सहित आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 25 दिनों से घरेलू गैस की किल्लत को लेकर प्रमुखता से उठाए गए मुद्दे के बाद बुधवार को 'खबर का असर' देखने को मिला। भारत गैस शाहपुरा के अधीन लड़खड़ाई आपूर्ति व्यवस्था के बीच बुधवार सुबह जैसे ही मानपुरा से गैस वितरण की गाड़ी लाडपुरा बस स्टैंड पहुंची, तो सिलेंडर लेने के लिए उपभोक्ताओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। हालांकि, ऑनलाइन बुकिंग के बावजूद लोगों को इस भीषण संकट में 25 दिनों तक लंबा इंतजार करना पड़ा है।

#### रसोई का बिगड़ा बजट और व्यवस्था, चूल्हे-लकड़ी का सहारा

मौके पर मौजूद उपभोक्ताओं ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि पहले बुकिंग के अगले ही दिन डिलीवरी घर तक आसानी से हो जाती थी, लेकिन अब एजेंसी के चक्कर काटने के बाद भी हफ्तों खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उज्ज्वला योजना के गरीब लाभार्थियों और दूर-दराज के गांवों से आने वाले ग्रामीणों को हो रही है। समय पर गैस न मिलने के कारण मजबूरन लोगों को एक बार फिर पुराने ढर्रे पर लौटकर चूल्हा, लकड़ी, कोयला और बिजली के इंडक्शन का सहारा लेना पड़ रहा है।




स्मार्ट हलचल

#### ओटीपी और नए नियमों ने बढ़ाई मुसीबत

ग्रामीणों के अनुसार, गैस वितरण के नए कड़े नियमों और डिलीवरी के समय अनिवार्य की गई 'ओटीपी' प्रक्रिया के कारण भी मौके पर वितरण में भारी देरी हो रही है। ग्रामीण इलाकों में नेटवर्क की समस्या और तकनीकी कारणों से कई उपभोक्ताओं की बुकिंग वेरिफाई नहीं हो पा रही है, जिससे उन्हें गाड़ी आने के बाद भी खाली हाथ लौटना पड़ रहा है।

इसके साथ ही मांडलगढ़ क्षेत्र में एचपी गैस का भी बुरा हाल है, जहाँ अगला सिलेंडर पूरे 45 दिन बीत जाने के बाद ही बुक हो पा रहा है। संयुक्त और बड़े परिवारों के लिए डेढ़ महीने में एक सिलेंडर बेहद अपर्याप्त है। ग्रामीणों ने एक बार फिर गैस एजेंसी के उच्चाधिकारियों और स्थानीय प्रशासन से मांग की है कि इस पूरी वितरण प्रणाली को दुरुस्त कर समयबद्ध डिलीवरी सुनिश्चित की जाए।

## भीलवाड़ा में एनजीटी के सख्त आदेश

### 160 ईंट भट्टे 1 जून से होंगे बंद, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के सख्त आदेशों के बाद भीलवाड़ा जिले में वायु प्रदूषण फैला रहे ईंट भट्टे आगामी 1 जून से पूरी तरह बंद हो जाएंगे। एनजीटी के आदेशानुसार अब इन भट्टों में 1 जून से लेकर 30 नवंबर तक किसी भी प्रकार की आग जलाने की अनुमति नहीं होगी। भट्टों पर ईंट निर्माण का काम अब पूरी तरह बंद हो जाएगा । राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने इस संबंध में आदेश जारी कर सभी ईंट भट्टा संचालकों को नियमों की कड़ाई से पालना करने की सख्त हिदायत दी है। आदेश का उल्लंघन पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।

राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल के क्षेत्रीय अधिकारी दीपक घनेटवाल ने बताया कि भीलवाड़ा जिले में वर्तमान में करीब 160 चिमनी वाले ईंट भट्टे संचालित हैं। 31 मई की रात 12 बजे से भट्टों में संचालन और किसी भी प्रकार की आग जलाने से जुड़ी समस्त गतिविधियां पूरी तरह बंद कर दी जाएंगी। ये भट्टे 1 दिसंबर से 31 मई तक ही संचालित किए जा सकेंगे।

## सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री से भीलवाड़ा के विकास पर की विस्तृत चर्चा

### हवाई सेवाओं व नए रेल्वे ट्रेक के विषय पर हुई बात

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

सांसद दामोदर अग्रवाल ने आज जयपुर सीएमआर में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ भीलवाड़ा में विकास की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की चर्चा में सांसद अग्रवाल ने मुख्य रूप से भीलवाड़ा से कमर्शियल हवाई सेवाएं एवं नई रेलवे ट्रैक व साथ ही

इएसआई हॉस्पिटल को केंद्र सरकार के अधीन संचालित करने की सारगर्भित बात हुई। सांसद प्रवक्ता विनोद झुरानी ने बताया कि सांसद अग्रवाल भीलवाड़ा के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रतिदिन जिले के विकास के लिए दिल्ली जयपुर पहुंच केंद्र व राज्य सरकार से नित नए कामो को लेकर चर्चा कर मंत्रियों के दौरे करवाकर विकास को अमलीजामा पहनाने का अथक प्रयास कर रहे हैं।



इसी क्रम में सांसद अग्रवाल सीएमआर में मुख्यमंत्री से व राजस्थान सरकार के नागरिक उड्डयन मन्त्री गौतम दक से भी सचिवालय में मुलाक़ात कर पुरजोर आग्रह किया।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने नागरिक उड्डयन विभाग के उच्च अधिकारी से हाथोहाथ बात कर भीलवाड़ा में कमर्शियल फ्लाइट प्रारंभ करने के लिए आवश्यक जरूरतों की तथ्यात्मक रिपोर्ट देने के निर्देश प्रदान किये ।। सांसद अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमन्त्री जी ने आज भीलवाड़ा जिले के समग्र विकास के लिये हमारी बात सुनकर उसपर आवश्यक कार्यवाही की इसपर सांसद अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का हार्दिक धन्यवाद दिया व आभार ज्ञापित किया।

## रात्रि चौपाल एवं किसान सम्मेलन आयोजित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी और पूर्व केबिनेट मंत्री कैलाश चौधरी ने झाड़ोल क्षेत्र के गांव सुल्तान जी का खेड़ा में रात्रि चौपाल एवं किसान सम्मेलन में भाग लिया। इस दौरान किसानों एवं ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं तथा राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

कैबिनेट मंत्री बाबूलाल खराड़ी ने जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार किसान हितैषी सरकार है और किसानों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।



इस अवसर पर समाजसेवी गजपाल सिंह राठौड़, पुष्कर तेली, भंवरसिंह पंवार, मुकेश माली, शंकर गायरी, तख्तसिंह सिंह सोलंकी, भेरूलाल प्रजापत, संजय मेहता, दलीचंद डांगी सहित अनेक जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बस स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर ऑटो चालकों के दो पक्ष भिड़े, बीच सड़क जमकर चले लात-घूंसे

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत

**मांडल।** कस्बे के बस स्टैंड पर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब सवारी बैठाने और उतारने को लेकर तिपहिया ऑटो चालकों के दो पक्ष आमने-सामने हो गए। मामूली कहासुनी देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गई और बस स्टैंड परिसर में जमकर लात-घूंसे चले। घटना के दौरान यात्रियों और राहगीरों में भय का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस स्टैंड पर सवारी बैठाने को लेकर पहले दोनों पक्षों में विवाद शुरू हुआ। इसी दौरान पहले से बैठी सवारी को उतारने के दौरान एक महिला के साथ कथित अभद्र व्यवहार होने पर मामला और भड़क गया। देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग एक-दूसरे पर टूट पड़े और बस स्टैंड रणक्षेत्र में तब्दील हो गया।



मारपीट की घटना से मौके पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। कई यात्रियों ने खुद को बचाने के लिए इधर-उधर भागकर शरण ली। स्थानीय लोगों ने बीच-बचाव कर हालात शांत करवाने का प्रयास किया। सूचना मिलने पर मांडल पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

जानकारी के अनुसार मांडल बस स्टैंड पर बिना परमिट संचालित तिपहिया ऑटो को लेकर लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है। पुलिस द्वारा पूर्व में भी अवैध रूप से संचालित कई वाहनों को जप्त करने की कार्रवाई की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अवैध संचालन पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बस स्टैंड पर सवारी व्यवस्था और तिपहिया वाहनों के संचालन को लेकर प्रशासन ने जल्द स्थायी समाधान नहीं किया तो भविष्य में इससे भी बड़ा विवाद खड़ा हो सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

## भीलवाड़ा में भू-माफियाओं का आतंकः 36 साल पुराने प्लॉट पर जेसीबी से कब्जा, बुजुर्ग को जान से मारने की धमकी

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र स्थित संजय कॉलोनी में एक 66 वर्षीय बुजुर्ग के साथ संगठित भू-माफियाओं द्वारा मारपीट, तोड़फोड़ और जबरन कब्जे का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़ित रणजीत सिंह भाटी ने जिला पुलिस अधीक्षक को परिवाद सौंपकर आरोप लगाया है कि दबंगों ने न केवल उनके 36 साल पुराने आवासीय भूखंड पर जेसीबी चलाकर निर्माण ध्वस्त कर दिया, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी।

प्रार्थी के अनुसार, उन्होंने वर्ष 1989 में ग्राम भीलवाड़ा की आराजी संख्या 730 में स्थित 25x50 फीट का प्लॉट विधिवत खरीदा था, जिस पर बाद में निर्माण भी किया गया। आरोप है कि 1 मई 2026 को गोपाल शर्मा सहित 15-20 लोगों का समूह जेसीबी मशीन लेकर मौके पर पहुंचा और हथियारों के बल पर जबरन भूखंड में घुसकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर बुजुर्ग को धक्का देकर गिरा दिया गया और जेसीबी से कुचलने की धमकी दी गई।



पीड़ित ने आरोप लगाया कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने हस्तक्षेप करने के बजाय आरोपियों का साथ दिया और उन्हें धमकाया कि इस जमीन पर उनका कोई अधिकार नहीं है। यहां तक कि थाना प्रभारी से फोन पर बात कराकर भी कोई राहत नहीं दी गई। उल्टा आरोपियों को संरक्षण देते हुए प्लॉट पर कब्जा करवा दिया गया।

रणजीत सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि आरोपी गिरोह लंबे समय से शहर में सक्रिय है और बुजुर्गों व कमजोर लोगों की जमीनों पर फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा करता है। इस मामले में भी यूआईटी अधिकारियों से मिलीभगत कर फर्जी पट्टा, साइट प्लान और दस्तावेज तैयार कर लिए गए। पीड़ित द्वारा पूर्व में भी कई बार शिकायतें दर्ज कराई गईं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

पीड़ित ने बताया कि 4 मई को एसपी ऑफिस के बाहर मुख्य आरोपी ने खुलेआम धमकी दी कि यदि दोबारा शिकायत की तो उसे और उसके परिवार को जिंदा गाड़ दिया जाएगा। लगातार मिल रही धमकियों से भयभीत बुजुर्ग ने खुद को असहाय बताते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

प्रार्थी ने मांग की है कि सभी आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाए। साथ ही मामले की निष्पक्ष जांच पुलिस उप अधीक्षक स्तर के अधिकारी से कराई जाए और उनके भूखंड से अवैध कब्जा हटाकर उन्हें पुनः कब्जा दिलाया जाए। इसके अलावा संगठित रूप से अवैध संपत्ति अर्जित करने वाले आरोपियों की संपत्तियों को जब्त करने की भी मांग की गई है।

### हमीरगढ़ जनसुनवाई में बड़े फैसले

# सामुदायिक भवन और उप जिला अस्पताल को लेकर प्रशासन सक्रिय

स्मार्ट हलचल



**हमीरगढ़।** जिले के हमीरगढ़ एसडीएम कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में बुधवार को आमजन की समस्याओं के समाधान की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। क्षेत्रीय विधायक एवं जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने सीधे ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश जारी किए। रायपुर, सहाड़ा और गंगापुर के दौरों के बाद हमीरगढ़ पहुंची प्रशासनिक टीम ने जनहित से जुड़े मामलों में त्वरित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

जनसुनवाई के दौरान हमीरगढ़ कस्बे के लिए एक बड़ी राहत की घोषणा की गई। लंबे समय से अनुपयोगी पड़ी शिक्षा विभाग की भूमि का उपयोग अब ग्रामवासियों की सुविधा के लिए सामुदायिक भवन निर्माण में किया जाएगा। इससे स्थानीय लोगों को सामाजिक एवं सार्वजनिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

इसके साथ ही प्रस्तावित उप जिला अस्पताल को लेकर भी अहम चर्चा हुई। ग्रामीणों ने बताया कि गंगरार सीमा के पास प्रस्तावित अस्पताल हमीरगढ़ से काफी दूर है, जिससे क्षेत्रवासियों को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाएगा। इस पर जिला कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिए कि हमीरगढ़ के नजदीक उपलब्ध सरकारी भूमि का परीक्षण कर नियमानुसार अस्पताल निर्माण की संभावनाएं तलाश की जाएं।

विधायक लादूलाल पितलिया ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतें सुनना नहीं, बल्कि उनका समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टर की मौजूदगी में जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान संभव हुआ है और प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। जनसुनवाई में पूर्व उपप्रधान एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष भोपाल सिंह पुरावत ने भी क्षेत्र की कई समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। उन्होंने बताया कि देवली पंचायत जैसे छोटे क्षेत्र में पिछले सवा दो वर्षों में लगभग 26 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें कई कार्य प्रगति पर हैं। पुरावत ने जल संरक्षण से जुड़े मुद्दे उठाते हुए क्षेत्र की लगभग 800 वर्ष पुरानी बावड़ी, धर्म नाड़ी, अन्य नाड़ियों तथा वर्ष 1996 में बने एनीकट की मरम्मत की मांग रखी। इस पर जिला कलेक्टर ने आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

इसके अलावा जर्जर हालत में पहुंच चुके राजोला मिडिल स्कूल सहित अन्य विद्यालयों में नए कमरों की स्वीकृति डीएमएफटी योजना के तहत देने की बात भी सामने आई।

जनसुनवाई में मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा एक मामला भी सामने आया, जहां आर्थिक रूप से कमजोर सत्तू सोहन प्रजापत, जिनके दोनों हाथ करंट हादसे में चले गए थे, उनके लिए इलेक्ट्रिक स्कूटी उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए गए। वहीं श्मशान भूमि पर अतिक्रमण का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा, जिस पर प्रशासन ने तहसीलदार को तत्काल अतिक्रमण हटाकर भूमि पंचायत को सौंपने के निर्देश दिए।

# एसडीएम गुर्जर ने उप कारागृह का निरीक्षण किया



स्मार्ट हलचल | गंगापुर

नवनियुक्त उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर ने मंगलवार को उप कारागृह का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान एसडीएम गुर्जर ने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता, चिकित्सा सुविधाएं और परिसर की साफ-सफाई का जायजा लिया, नवनियुक्त एसडीएम गुर्जर का उप कारागृह स्टाफ ने अभिनंदन किया, एसडीएम गुर्जर ने उप कारागृह में निरीक्षण में सभी व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई, निरीक्षण के दौरान तहसीलदार वीरेंद्र सिंह, जेल प्रभारी भवानी सिंह गुर्जर मौजूद थे।

# केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी 30 को भीलवाड़ा में

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री कैलाश चौधरी के 30 मई को भीलवाड़ा आगमन की तैयारीयो को लेकर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक भाजपा जिला कार्यालय भीलवाड़ा पर आयोजित की गई, इस बैठक में उनके आगामी दौरे को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों पर चर्चा की गई, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के निर्देशानुसार बैठक किसान मोर्चा भीलवाड़ा के जिलाध्यक्ष शंकर जाट ( सागवा) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि 30 मई को भाजपा किसान मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष कैलाश चौधरी का एक दिवसीय प्रवास रहेगा जिसमें किसान महासभा व रात्रि चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# ईद पर्व को लेकर सीएलजी बैठक हुई



स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा (भीलवाड़ा)।** आगामी ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर शाहपुरा थाना परिसर में सीएलजी बैठक आयोजित की गई। बैठक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश आर्य, डीवाईएसपी ओम प्रकाश बिश्नोई एवं थाना प्रभारी सुरेश चंद्र के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में सत्यनारायण पाठक, विमल झवर, खुशीराम आचार्य, हाजी उस्मान छीपा, ताजुद्दीन उस्ता, निखिल जीनगर सहित सीएलजी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पुलिस अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से ईद पर्व के दौरान आपसी भाईचारा, शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की। साथ ही अफवाहों से दूर रहकर प्रशासन का सहयोग करने का आह्वान किया गया।

# हाइवे पर मांडलगढ़ पुलिस की सख्त नाकाबंदी: लाडपुरा चौराहे पर दर्जनों वाहनों के काटे चालान, सघन तलाशी से हड़कंप

स्मार्ट हलचल



**लाडपुरा।** चित्तौड़गढ़-कोटा राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर स्थित लाडपुरा चौराहे पर बुधवार को मांडलगढ़ थाना पुलिस ने थाना प्रभारी घनश्याम मीणा के सख्त निर्देशन में विशेष नाकाबंदी कर नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ चालानी कार्रवाई की। पुलिस की इस अचानक हुई सघन चेकिंग और कड़े रुख से हाइवे से गुजरने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए मांडलगढ़ पुलिस ने लाडपुरा चौराहे पर मजबूत नाकाबंदी की। इस दौरान पुलिस टीम ने हाइवे पर तेज गति (ओवरस्पीड) से वाहन दौड़ाने वाले, बिना सीट बेल्ट (सिलबट) लगाए गाड़ी चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल पर बात करने, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन चलाने, गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन ले जाने तथा शराब पीकर व खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने वाले चालकों को आड़े हाथों लिया।

# एनएमएमएस छात्रवृत्ति में फुलिया कलां की आरजू मंसूरी व कृष्णा बैरवा का चयन...

स्मार्ट हलचल




**शाहपुरा।** राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय फूलियाकलां की छात्राओं ने एक बार फिर शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय की छात्रा आरजू मंसूरी एवं कृष्णा बैरवा का चयन नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप योजना (एनएमएमएस) में हुआ है।

विद्यालय के प्राचार्य शंकर लाल जाट ने जानकारी देते हुए बताया कि यह छात्रवृत्ति आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई के लिए प्रोत्साहित करने हेतु दी जाती है। चयनित छात्राओं को कक्षा 9 से 12 तक प्रतिवर्ष 12 हजार की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस प्रकार दोनों छात्राओं को चार वर्षों में कुल 48 हजार की छात्रवृत्ति राशि प्राप्त होगी।

छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय स्टाफ ने चयनित छात्राओं का अभिनंदन कर उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं अभिभावकों एवं ग्रामीणों ने भी छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया।

विद्यालय के शिक्षकों ने कहा कि छात्राओं की मेहनत, लगन एवं नियमित अध्ययन का यह परिणाम है, जिससे अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी।

# कर्मचारी महासंघ का प्रदेशव्यापी आंदोलन में वन विभाग शामिल



स्मार्ट हलचल | उदयपुर

कर्मचारियों की मांगों की उपेक्षा व उदासीन रवैये को लेकर अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) के प्रदेश व्यापी आंदोलन की कड़ी में उदयपुर में भी वन कर्मचारियों ने सांकेतिक आंदोलन प्रारंभ किया। जिला अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने बताया कि आंदोलन के तहत वन विभाग के कर्मचारी बड़ी संख्या में कार्यालय छोड़कर मुख्य द्वार पर एकत्रित होकर महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री धुलसिंह चुंडावत के नेतृत्व में नारेबाजी व प्रदर्शन कर गेट मीटिंग व सभा की। सभा को महासंघ के प्रदेश संगठन मंत्री धुलसिंह चुंडावत ने संबोधित कर सरकार द्वारा रोके गये सरेंडर लीव का अविलंब भुगतान करने, आरजीएचएस को निजी बीमा कम्पनी को नहीं सौंपने का लिखित में आश्वासन, एसीपी 8, 16, 24, 32 पर देने, पदोन्नति में दो वर्ष की शिथिलता, वेतन विसंगतियों का समाधान, मंत्रालयिक, वाहन चालकों, अधीनस्थ कर्मियों, निजी सहायकों, चतुर्थ श्रेणी के मांग पत्रो का निस्तारण, संविदा व ठेका कर्मियों को नियमित करने सहित 25 सूत्रीय मांग पत्र के निस्तारण पर सरकार द्वारा विचार नहीं किये जाने से कर्मचारियों में भारी आक्रोश है मुख्य मंत्री अविलंब सकारात्मक निर्णय करने कर कर्मचारियों से किया वायदा निभावें। सभा को महासंघ के प्रदेश संरक्षक ओमप्रकाश श्रीमाली ने संबोधित कर कहा कि सरकार बजट घोषणा ही भुल गई एवं अपने ढाई वर्ष के कार्यकाल में एक भी मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने से कर्मचारीयों में सरकार के प्रति नाराजगी बढ़ी। सभा को वन विभागीय समिति के अध्यक्ष भूपेन्द्र शर्मा, वाहन चालक संघ वन विभाग के अजीत मेडतिया, राजेश गरासिया, कचरुलाल मीणा, नारायण सिंह कुमपावत, योगेश राणा, मंजू , यशोदा मेनारिया, नानालाल गमेती, रायलाराम गरासीया, सेजल कुंवर, कीरण कंवर आदि ने भी संबोधित कर सरकार से मांगो पर सकारात्मक निर्णय करने की मांग की साथ ही कर्मचारियों को आह्वान किया कि वो संघर्ष के लिये तैयार रहे।

# प्राइवेट कॉलोनियों में अवैध बिजली कनेक्शनों पर एवीवीएनएल सख्त


अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड

कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता (...), भीलवाड़ा

305 दिनांक 27.5.26

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर की प्राइवेट कॉलोनियों में कथित रूप से नियमों को ताक में रखकर बिजली कनेक्शन जारी किए जाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड ने शिकायत मिलने के बाद पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है।

अधिशाषी अभियंता कार्यालय की ओर से जारी पत्र में भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार पर्यावरण सुरक्षा संगठन से जुड़े रतनलाल आचार्य को 29 मई को बयान दर्ज कराने के लिए तलब किया गया है।

सूत्रों के अनुसार प्राइवेट कॉलोनियों में बिना आवश्यक स्वीकृतियों और नियमों की अनदेखी कर बिजली कनेक्शन जारी किए जाने की शिकायत विभाग तक पहुंची थी। शिकायत के बाद अधीक्षण अभियंता स्तर पर जांच अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

अब सवाल यह उठ रहा है कि आखिर किन कॉलोनियों में नियमों को दरकिनार कर कनेक्शन दिए गए ? क्या विभागीय मिलीभगत से यह खेल चल रहा था ? और जांच में किन अधिकारियों या कॉलोनाइजरों की भूमिका सामने आएगी ?

विभागीय पत्र सामने आने के बाद शहर में मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। वहीं शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई है।

# राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति योजना में राजमावि जारोड़ा खुर्द के 5 विद्यार्थी चयनित

**सत्र 2025-26 में विद्यालय को मिली बड़ी उपलब्धि, चयनित विद्यार्थियों को चार वर्षों तक मिलेगी छात्रवृत्ति**

स्मार्ट हलचल



**मेड़ता।** क्षेत्र के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जारोड़ा खुर्द के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के पांच विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय स्तर की छात्रवृत्ति योजना में हुआ है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं गांव में खुशी का माहौल है।

विद्यालय से चयनित विद्यार्थियों में प्रियंका पुत्री सोहनराम ने 145 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मोहित पुत्र सुशील ने 143 अंक, धोनी पुत्र गणेशाराम ने 125 अंक, मधु राठौड़ पुत्री शिव सिंह ने 110 अंक तथा कोमल पुत्री श्यामाराम ने 106 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की। विद्यालय प्रशासन के अनुसार सत्र 2025-26 में कुल पांच विद्यार्थियों का चयन हुआ है। वहीं वर्ष 2021 से अब तक विद्यालय से कुल 36 विद्यार्थियों का चयन एनएमएमएस योजना में हो चुका है, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की इस छात्रवृत्ति योजना के तहत चयनित विद्यार्थियों को प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति चार वर्षों तक प्रदान की जाती है, जिससे विद्यार्थियों को आगे की पढ़ाई में आर्थिक सहयोग मिलता है। विद्यालय परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही गणित वरिष्ठ अध्यापक राजेंद्र खुडखुडिया को भी विशेष बधाई दी गई, जिनके मार्गदर्शन और मेहनत से विद्यार्थियों ने यह सफलता प्राप्त की।

# रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन

**1 जून को दाधीच भवन में लगेगा मेगा ब्लड डोनेशन कैंप**



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिला अभिभाषक संस्था में आयोजित बैठक के दौरान गंगा फाउंडेशन चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा 1 जून को होने वाले विराट रक्तदान शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। शिविर दाधीच भवन, प्राइवेट बस स्टैंड में सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक आयोजित होगा, जिसमें 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य रखा गया है।

संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़ ने कहा कि 'रक्तदान जीवनदान है' और प्रत्येक व्यक्ति को मानवता के इस पुनीत कार्य में भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने अधिवक्ताओं एवं आमजन से अधिकाधिक रक्तदान करने की अपील की।

इस दौरान महिपाल सिंह राणावत, पंकज दाधीच, मनोहरलाल बुनकर, रवि गोरानी वंदना आमेटा सहित कई अधिवक्ता एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# नगर निगम की जमीन पर अतिक्रमण का प्रयास नाकाम, निगम दस्ते ने मौके पर पहुंचकर हटाया निर्माण

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



शहर के उपनगर पुर क्षेत्र स्थित पातोला महादेवपुर में नगर निगम की कीमती भूमि पर अवैध चबूतरा निर्माण कर अतिक्रमण करने के प्रयास को निगम प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए विफल कर दिया।

जानकारी के अनुसार कुछ व्यक्तियों द्वारा निगम की जमीन पर निर्माण कार्य शुरू कर कब्जा जमाने की कोशिश की जा रही थी। मामले की सूचना मिलते ही नगर निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी के निर्देश पर अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और निर्माण हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

अतिक्रमण प्रभारी मुकेश शर्मा के नेतृत्व में कार्रवाई को अंजाम दिया गया। इस दौरान होमगार्ड इंचार्ज जोरावर सिंह एवं टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली। निगम प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में भी ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# हज़रत इब्राहिम शाह उर्फ़ केली वाले बाबा सा. र.अ. के सालाना उर्स 2 जून से

## निंबाहेड़ा की सरज़मीं पर सजेंगी इबादत, मोहब्बत, सूफ़ियाना रंग और अकीदतमंदों की महफ़िलें

स्मार्ट हलचल | निंबाहेड़ा



निंबाहेड़ा शहर की पावन और रूहानी फिज़ाओं में एक बार फिर सूफ़ियाना रंग बिखरने जा रहा है। केली वाले बाबा सेवा संस्थान (रजि.) एवं उर्स कमेटी की ओर से हज़रत इब्राहिम शाह उर्फ़ केली वाले बाबा सा. र.अ. का शानदार सालाना उर्स मुबारक इस वर्ष भी पूरी अकीदत, एहतराम और धार्मिक सौहार्द के साथ आयोजित किया जाएगा। यह तीन दिवसीय रूहानी आयोजन 2 जून से 4 जून 2026 तक नगर परिषद निंबाहेड़ा एवं जन सहयोग से सरकारी बाग,बस स्टेण्ड परिसर में संपन्न होगा। उर्स मुबारक को लेकर मुस्लिम धर्मावलंबियों सहित सर्व समाज में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। दरगाह परिसर एवं आयोजन स्थल को आकर्षक रोशनी,सजावट एवं धार्मिक परचमों से सजाया जाएगा। आयोजन में राजस्थान सहित विभिन्न राज्यों से अकीदतमंद, जायरीन एवं सूफ़ी प्रेमियों के पहुंचने की संभावना है।

हज़रत इब्राहिम शाह उर्फ़ केली वाले बावा साहब रहमतुल्लाह अलैहे उर्स कमेटी के सचिव इमरान ख़ान ने जानकारी देते हुए बताया कि उर्स मुबारक के दौरान चादर शरीफ, महफिले मिलाद,तकरीर,कव्वाली,दुआएं,फातेहा ख्वानी,लंगर तकसीम तथा सामूहिक निकाह जैसे विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह आयोजन आपसी भाईचारे,मोहब्बत,इंसानियत और अमन का पैगाम देगा।

### 2 जून को निकलेगा जुलूस-ए-चादर शरीफ

उर्स के प्रथम दिन मंगलवार 2 जून को शाम 4 बजे जुलूस-ए-चादर शरीफ निकाला जाएगा। इसके पश्चात बाद नमाज़ इंशा महफिले मिलाद का आयोजन होगा,जिसमें उलेमा-ए-कराम द्वारा हुज़ूर पाक की सीरत एवं इस्लामी शिक्षाओं पर रोशनी डाली जाएगी।

### 3 जून को होगी खुसूसी तकरीर और दीन की बातें

बुधवार 3 जून को बाद नमाज़ इंशा खुसूसी ख़िताब एवं नाशिरे मस्लके आला हज़रत हज़रत मौलाना मुफ्ती जलीस अहमद रामपुर की तकरीर आयोजित होगी। तकरीर में दीन-ए-इस्लाम, इंसानियत, मोहब्बत, अमन और समाज में भाईचारे का पैगाम दिया जाएगा।

### 4 जून को सामूहिक निकाह और सूफ़ियाना कव्वाली की महफ़िल

गुरुवार 4 जून को सुबह 10 बजे पांच जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन (निकाह) आयोजित किया जाएगा। वहीं शाम 4 बजे मशहूर कव्वाल हिफ्जुर्रहमान हकीमी कव्वाल, कोटा द्वारा रंगारंग सूफ़ियाना कव्वाली पेश की जाएगी। कव्वाली की महफ़िल में इश्क़-ए-रसूल, औलिया-ए-किराम की शान और सूफ़ी कलामों की गूंज से पूरा वातावरण रूहानी रंग में रंग जाएगा। इसके साथ ही दस्तारबंदी, फातेहा ख्वानी एवं बाद नमाज़ असर लंगर तकसीम किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में जायरीन और अकीदतमंद शरीक होंगे। उर्स कमेटी एवं केली वाले बाबा सेवा संस्थान के पदाधिकारियों ने तमाम अकीदतमंदों, मुस्लिम समाज एवं सर्व समाज से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर उर्स मुबारक की रौनक बढ़ाने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि सूफ़ी संतों की शिक्षाएं हमेशा इंसानियत, भाईचारे,प्रेम और कौमी एकता का संदेश देती रही हैं और यही उर्स मुबारक का मूल उद्देश्य भी है। उर्स कमेटी के सदर हाजी आमीन खान (जागीरदार), सचिव इमरान खान,जॉइंट केशियर नासीर हुसैन मंसूरी, नायब सदर जमील खान ऊर्फ भाया भाई, हुसैन खान कमेटी सदस्य राजा उस्ताद मेवाफरोश, मोहसिन खान, इरफान खान, सद्दाम खान, शराफत मेवाफरोश, मोहम्मद शफी, हैदर मेव एवं असलम नियारगर सहित समस्त कमेटी सदस्य आयोजन की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### टीबी मुक्त भारत अभियान

# आकोला में विशेष जांच शिविर संपन्न, पोर्टेबल एक्स-रे से हुई त्वरित जांच




स्मार्ट हलचल

**आकोला।** 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कोटड़ी ब्लॉक के श्रद्धष आकोला में एक विशेष टीबी जांच शिविर का आयोजन किया गया। डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया ने बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य टीबी की शीघ्र पहचान कर मरीजों को समय पर उपचार उपलब्ध कराना है।

ब्लॉक हेल्थ सुपरवाइजर बालमुकुंद जायसवाल के अनुसार, शिविर में ममता फाउंडेशन के सहयोग से हैंड-हेल्ड (पोर्टेबल) एक्स-रे मशीन और सीबी-नाट द्वारा लोगों की मौके पर ही स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान बुजुर्गों, मधुमेह रोगियों और जोखिम वाले अन्य वर्गों की जांच पर विशेष ध्यान दिया गया तथा टीबी की पुष्टि होने पर तुरंत इलाज शुरू किया जाता है।

# भवानीमंडी: राधेश्याम मंदिर की दुकान बेचने पर गरमाया विवाद, श्रद्धालुओं ने निकाली विशाल 'जनाक्रोश रैली'

## मंदिर संपत्ति को मिली भगत से कम कीमत में बेचने का आरोप; रजिस्ट्री निरस्त करने की उठी मांग

## देवस्थान विभाग और मंदिर प्रबंधन के खिलाफ फूटा सर्व हिंदू समाज का गुस्सा, उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** भवानीमंडी स्थानीय रेलवे स्टेशन रोड स्थित सार्वजनिक श्री राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट की एक मूल्यवान दुकान को कम कीमत पर नीलामी प्रकरण पूरी तरह गरमा चुका है। इस विवादित सौदे के विरोध में बुधवार को भगवान श्री राधेश्याम के भक्तों और 'सर्व हिंदू समाज मंदिर रक्षा समिति' के बैनर तले एक विशाल 'जन आक्रोश वाहन रैली' निकाली गई। रैली में शामिल श्रद्धालुओं ने देवस्थान विभाग और मंदिर प्रबंधन के खिलाफ जमकर आक्रोश व्यक्त किया।



### 3 किलोमीटर लंबी रैली मैं रजिस्ट्री निरस्त करो के नारे के साथ

यह जनाक्रोश रैली पचपहाड़ रोड स्थित श्री राधेश्याम मंदिर की बगीची से प्रारंभ हुई। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और प्रबुद्ध नागरिक अपने दुपहिया व चार पहिया वाहनों के साथ शामिल हुए। करीब 3 किलोमीटर का सफर तय कर यह रैली शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से होते हुए उपखंड कार्यालय पहुंची। रैली के दौरान आक्रोशित भक्त 'दुकान की रजिस्ट्री निरस्त करो जैसे नारे लगा रहे थे।

### उपखंड अधिकारी को सौंपा कलेक्टर के नाम ज्ञापन, जांच का आश्वासन

उपखंड कार्यालय पहुंचने के बाद समिति के पदाधिकारियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने उपखंड अधिकारी श्रद्धा गोमे को जिला कलेक्टर तथा आयुक्त (देवस्थान विभाग, जयपुर) के नाम एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। उपखंड अधिकारी का रुखः ज्ञापन लेने के बाद उपखंड अधिकारी श्रद्धा गोमे ने उपस्थित श्रद्धालुओं को आश्वस्त करते हुए कहा कि, 'मैं इस पूरे प्रकरण के संदर्भ में देवस्थान विभाग से चर्चा कर जल्द ही दस्तावेज मंगाऊंगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। '

### मंदिर की संपत्ति कम कीमत में बेचने का आरोप ये हैं

### गड़बड़ी के 3 मुख्य बिंदु

सौंपे गए ज्ञापन में सर्व हिंदू समाज मंदिर रक्षा समिति ने इस पूरे सौदे में गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप लगाए हैं:-

बाजार मूल्य से बेहद कम में सौदाः आरोप है कि जिस दुकान का वास्तविक बाजार मूल्य 1 करोड़ रुपए अधिक है, उसे देवस्थान विभाग के अधिकारियों से कथित मिलीभगत कर गत 19 मई 2026 को महज 65 लाख रुपये में ही बेच दिया गया।

गुपचुप तरीके से नीलामीः दुकान में वर्तमान में किराएदार मौजूद होने के बावजूद विभाग ने बेहद गोपनीय तरीके से कार्रवाई की। नियमों का उल्लंघन करते हुए बिना किसी प्रमुख समाचार पत्र में विज्ञप्ति जारी किए या नगरपालिका उपखंड कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा किए बिना ही नीलामी की प्रक्रिया पूरी कर ली गई।

### सर्वदलीय और प्रबुद्ध वर्ग का मिला समर्थन

इस आंदोलन की रूपरेखा पूर्व में 26 मई को जैन बोर्डिंग में आयोजित एक आवश्यक बैठक में तैयार की गई थी। बुधवार को रैली और ज्ञापन देने के दौरान प्रमुख रूप से उपस्थित रहेः

समिति व ट्रस्ट प्रतिनिधिः समिति के संरक्षक डॉ. जगदीशचंद अरोड़ा, राधेश्याम मंदिर ट्रस्टी दामोदर कचोलिया।

व्यापार मंडलः भवानीमंडी व्यापार महासंघ के पूर्व अध्यक्ष राजेश नाहर व प्रीतपाल सिंह।

राजनीतिक एवं सामाजिक चेहरेः नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आस्तोलिया, पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष कालूलाल सालेचा व प्रमोद जैन, पूर्व पालिका अध्यक्ष रामलाल गुर्जर डग विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी चेतन गहलोत, पोरवाल समाज के राजकुमार खरड़िया, ग्रेन एंड सिंड्स मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदीप सालेचा, राजेश नागर, प्रदीप शर्मा, सुमित सेठिया, नितिन मालपानी, अशीष लड्ढा , दीपक सोनी, लक्की मारवाड़ी , पुष्पेंद्र सिंह चौहान , विवेक जैन (पिंटू), विकास जैन, मुकेश जैन, और दिलीप सोलंकी आदि सहित सैकड़ो मंदिर के भक्तगण शामिल थे।

श्रद्धालुओं ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस अवैध रजिस्ट्री को निरस्त कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा यहां यह उल्लेखनीय है कि पूर्व में राधेश्याम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष के के राठी व अन्य सदस्यों द्वारा एक प्रेस वार्ता आयोजित कर दुकान की नीलामी प्रक्रिया नियमन अनुसार करने की बात कही थी।

# पूर्व प्रधानमंत्री नेहरू की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि



स्मार्ट हलचल

**भवानी मंडी।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू कि 62 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लाक एवं नगर कांग्रेस कमेटी भवानी मंडी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सभी वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर व दो मिनट का मोन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने पंडित नेहरू को एक महान देश भक्त और विद्वान बताया कि देश की आजादी के लिए पंडित नेहरू लगभग बारह साल तक जेल में रहे, उन्हें हरित क्रांति का जनक भी कहा जाता है पंडित नेहरू ने देश में कई बांधों का निर्माण करवाया है, आज़ हमारे नजदीक में गांधी सागर बांध है उस कि नींव भी पंडित नेहरू ने ही रखी थी।

इस अवसर पर विधानसभा प्रत्याशी चेतराज गहलोत, नगर कांग्रेस अध्यक्ष विनय आसतौलिया, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश करावन, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनिल मीणा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता लोकेश गुप्ता,राम गोपाल पाटीदार, पूर्व नगर अध्यक्ष प्रमोद जैन पिंटू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता गोपाल जायसवाल, सेवादल ब्लाक अध्यक्ष आनंद काला, पूर्व पार्षद हखिम ख़ान, वरिष्ठ कांग्रेस नेता मोहन आचोलिया, गणेश सालेचा, राजिक अंसारी, मोहम्मद सलीम खान,कैलाश भारती, पूर्व पार्षद राम बेरवा, नगर उपाध्यक्ष हसीब चौधरी, विक्की बैरवा,सेवादल उपाध्यक्ष भैरू लाल चौधरी, आदि उपस्थित रहे।

# परिवहन विभाग की अवैध ओवर लोड वाहनों पर सख्त कार्यवाही



स्मार्ट हलचल|बूंदी

जिला कलक्टर एवं जिला पुलिस अधीक्षक बूंदी से प्राप्त आदेशों की अनुपालना में जिला परिवहन अधिकारी के निर्देशन में परिवहन निरीक्षक धर्मपाल सिंह ने तालेड़ा क्षेत्र के मुख्य मार्गो पर चलने वाले अवैध ओवर लोड वाहनों की औचक जांच की और यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालें वाहनों पर कड़ी कार्यवाही करते हुए आठ ट्रेक्टर ट्रॉलियों को पुलिस थाना तालेड़ा में जब्त कर दो लाख अस्सी हज़ार रुपए का जुर्माना आरोपित किया।

कार्रवाई के दौरान अवैध ओवर लोड वाहन संचालक ट्रेक्टर ट्रॉली छोड़कर भागने लगे किंतु परिवहन विभाग की टीम ने पुलिस थाना तालेड़ा से प्राप्त जाब्ते की मदद से सभी आठ वाहनों को एमडबल्यूआर सीज़र यार्ड तालेड़ा में सीज किया।

कार्यवाही के दौरान तालेड़ा पुलिस थाना अधिकारी देशराज सिंह मय जाब्ते मौजूद रहे तथा परिवहन विभाग बूंदी के कार्मिक देवराज प्रजापति, रघुवीर सिंह हाड़ा एवं कैलाश चंद मीणा कार्यवाही में शामिल रहें।

# गंगापुर की जन समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस व संयुक्त व्यापार संघ द्वारा गंगापुर बंद का आह्वान

स्मार्ट हलचल|गंगापुर

गंगापुर शहर की विभिन्न जन समस्याओं को लेकर नगर कांग्रेस व संयुक्त व्यापार संघ के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 28 मई गुरुवार को गंगापुर बंद का आव्हान किया गया है । अध्यक्ष संयुक्त व्यापार संघ,गंगापुर संजय कुमार रुइया व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष धीरज चंदेल ने बताया कि गंगापुर शहर में सफाई व्यवस्था अव्यवस्थित हो गई है जिस कारण संपूर्ण नगर में जगह-जगह गंदगी के अंबार लगे हैं। नालिया कीचड़ से सनी हुई है। पूरे गंगापुर शहर में सफाई व्यवस्था बहुत ज्यादा बिगड़ चुकी है। मौसमी बीमारियां भी फैल रही है। जिससे आमजन का जीना दूभर हो रहा है। बीमारी का खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रशासन भी कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। इसलिए विरोध स्वरूप कल दिनांक 28 मई को संयुक्त व्यापार संघ गंगापुर व नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बंद का आह्वान किया।

प्रशासन व सफाई कर्मियों के बीच वार्ता रही असफल


दिनांक 27 मई को शाम तक सफाई कर्मियों और प्रशासन के मध्य वार्ताओं का दौर चला उसके बाद भी कोई हल नहीं निकल पाया। नगर निगम भीलवाड़ा आयुक्त हेमाराम चौधरी, गंगापुर उपखंड अधिकारी विवेक गुर्जर, गंगापुर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी पंकज कुमार मंगल व गंगापुर नगरपालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के बीच 3 घंटे तक वार्तालाप का दौड़ चलता रहा लेकिन कोई सहमति नहीं बन पाई।

# जोगणियां माताजी शक्तिपीठ में 4 जून से होगा सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ

## कलश यात्रा, महारुद्र अभिषेक, बगड़ावत भारत और छप्पन भोग सहित होंगे विभिन्न धार्मिक आयोजन; तैयारियां जोरों पर

स्मार्ट हलचल

**लाडपुरा।** श्री जोगणियां माता शक्तिपीठ प्रबंध एवं विकास संस्थान के तत्वावधान में सुप्रसिद्ध जोगणियां माताजी शक्तिपीठ में आगामी 4 से 10 जून तक सप्त दिवसीय शिवशक्ति महायज्ञ एवं कलश प्रतिष्ठा वार्षिक महोत्सव (पाटोत्सव) का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस वृहद धार्मिक उत्सव को लेकर भव्य मंदिर परिसर में तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है।



### कलश यात्रा से होगा भव्य शुभारंभ, गूंजेंगे नवार्ण मंत्र

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस भव्य महोत्सव का विधिवत शुभारंभ 4 जून गुरुवार को सुबह 7:15 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। पूरे सात दिवसीय आयोजन की अवधि के दौरान प्रतिदिन सुबह 7 बजे से लेकर मध्यरात्रि 12 बजे तक माताजी के विशेष श्रृंगार पूजन, अर्चन एवं आरती दर्शन के कार्यक्रम चलेंगे। इसके साथ ही वैदिक विद्वानों द्वारा शतचंडी दुर्गापाठ, महारुद्र पाठात्मक एवं हवनात्मक अनुष्ठान, चतुर्वेद पारायण तथा नवार्ण महामंत्र के 11 लाख जाप जैसे अत्यंत फलदायी अनुष्ठान भी संपन्न किए जाएंगे। मंदिर परिसर में ही स्थित पवन पुत्र हनुमान मंदिर में महोत्सव के दौरान प्रतिदिन अखंड रामायण पाठ की चौपाइयां गूंजेंगी।

### बगड़ावत भारत व रात्रि जागरण बढ़ाएंगे भक्ति का उत्साह

उत्सव के सांस्कृतिक व भक्तिमयी पड़ावों के अंतर्गत 6 जून शनिवार को रात्रि 8:30 बजे से पारंपरिक 'बगड़ावत भारत' कथा का विशेष आयोजन किया जाएगा। वहीं, 9 जून मंगलवार को देश के प्रसिद्ध भजन कलाकारों द्वारा माताजी के दरबार में भव्य एवं विशेष रात्रि जागरण की प्रस्तुति दी जाएगी।

### अंतिम दिन चढ़ेगा छप्पन भोग, होगा सहस्त्रधारा अभिषेक

महोत्सव के अंतिम दिन यानी 10 जून बुधवार को धार्मिक आयोजनों की मुख्य कड़ियां जोड़ी जाएंगी। इस दिन सुबह 8:15 बजे माताजी को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके पश्चात सुबह 9:30 बजे निज मंदिर के स्वर्ण कलश शिखर का सहस्त्रधारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच महाअभिषेक संपन्न होगा। दोपहर 11:15 बजे मुख्य शिवशक्ति महायज्ञ की पूर्णाहुति दी जाएगी, जिसके उपरांत विशाल महाप्रसादी (भंडारे) का वितरण होगा।

# यूपी के आगामी चुनाव को लेकर बसपा ने कानपुर में की समीक्षा बैठक



स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** आगामी विधानसभा चुनाव में बहुजन समाजवादी पार्टी अपने विरोधी दलों को बहुत बड़ी टक्कर देने की तैयारी में जुटी हुई है। कानपुर मंडल की समीक्षा बैठक में भी इसी कथन की पुष्टि होती दिखाई पड़ी। इस समीक्षा बैठक में पार्टी पदाधिकारियों ने बूथ गठन, संगठन विस्तार और कार्यकर्ताओं की सक्रियता को लेकर चर्चा की। बैठक में बड़ी संख्या में युवाओं के पार्टी में शामिल होने से बसपा ने शक्ति प्रदर्शन भी किया।

अगर बहुजन समाज पार्टी में युवाओं की भूमिका की बात करें तो उसकी मजबूती में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका आशीष कश्यप जैसे तेजतर्रार और व्यवहार कुशल युवा नेताओं की नजर आ रही है।

खास बात यह भी कि हर किसी के सुख दुख में सदैव खड़े होने वाले और अपनी व्यवहार कुशलता के बल पर हर जाति, हर धर्म और हर वर्ग के मतदाताओं में चुनाव जीतने की हद तक मजबूत पकड़ रखने वाले युवा नेताओं में सुमार आशीष कश्यप बसपा के प्रति समर्पित तो शुरू से ही हैं। उसके लिए काम भी जमकर करते रहे हैं। लेकिन उन्होंने सदस्यता पार्टी प्रमुख बहन मायावती का आशीर्वाद प्राप्त करने के बाद ही ली है। वह समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी के लगभग 200 कार्यकर्ताओं के साथ समीक्षा बैठक के दौरान बसपा में शामिल हुए। इस बैठक में मुख्य अतिथि पूर्व एमएलसी एवं मुख्य मंडल. प्रभारी डा. विजय प्रताप ने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर मजबूत टीम तैयार करने का आह्वान किया। मुख्य मंडल प्रभारी सूरज सिंह जाटव ने भी पार्टी सुप्रीमो मायावती के निर्देशों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। बैठक में मुख्य मंडल प्रभारी संजय गौतम, अनिल पाल, बौद्ध प्रिय गौतम, नरेंद्र कुशवाहा, जितेंद्र संखवार और जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम व विभिन्न जिलों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ईदुल अजहा पर्व को लेकर मेड़ता रोड थाना में शांति समिति की बैठक आयोजित

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** आगामी ईदुल अजहा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने को लेकर बुधवार को मेड़ता रोड थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की मेड़ता आईपीएस रामकरण मलिंडा मेड़ता ने की। बैठक में कस्बे के विभिन्न समाजों के प्रबुद्ध नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान त्योहार के दौरान कानून व्यवस्था, यातायात, साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।इस दौरान रामकरण मलिंडा ने उपस्थित लोगों से अपील करते हुए कहा कि ईदुल अजहा का पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क है।बैठक में मौजूद नागरिकों ने भी प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया तथा सभी समुदायों से मिल-जुलकर त्योहार मनाने का संदेश दिया।

साथ ही कस्बे में अमन, चैन और भाईचारे की परंपरा को कायम रखने पर जोर दिया गया। बैठक में आईपीएस रामकरण मलिंडा, मेड़ता रोड थानाधिकारी दयानंद शर्मा, मनीष शर्मा, कैलाश लटियाल, रामेश्वर गहलोत, रामनिवास लटियाल, इक़बाल खलीफा, जान मोहम्मद, किराणा व्यापार मंडल अध्यक्ष पूरणमल बिश्नोई, विक्रम सिंह सांगवा कैलाश शर्मा,संजू कासीम,अमीर खान, गफूर कुरैशी तथा मनोहर भाटी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान संस्कृति और भविष्य बचाने का संकल्प : आक्या

## आर्य गुरूकुल गौशाला में आयोजित कार्यक्रम में जल संरक्षण का दिया संदेश, किया वृक्षारोपण

स्मार्ट हलचल|चित्तौड़गढ़

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल के नेतृत्व में चल रहा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि जन-जन का आंदोलन है। यह अपनी संस्कृति, आस्था और भविष्य को बचाने का अभियान है। 'जल है तो कल है' केवल नारा नहीं, बल्कि जीवन का सत्य है। यदि आज जल संरक्षण किया जाएगा तो आने वाली पीढ़ियों के लिए सुख, समृद्धि और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।



यह विचार चन्द्रभान सिंह आक्या ने बुधवार को आर्य गुरुकुल गौशाला परिसर में पशुपालन एवं गौपालन विभाग द्वारा आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपखंड अधिकारी बीनू देवल ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने जल स्त्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण, जल संचयन तथा अधिकाधिक वृक्षारोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने का अनुरोध किया।

इस दौरान विधायक आक्या सहित उपस्थित अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने जल, प्रकृति एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए वृक्षारोपण किया, पक्षियों के लिए परिंडे लगाए तथा गौमाता को हरा चारा खिलाया।

कार्यक्रम में भाजपा महामंत्री रघु शर्मा, पूर्व यूआईटी चेयरमैन सुरेश झंवर, पूर्व नगर परिषद चेयरमैन सुशील शर्मा, नगर मंडल अध्यक्ष गौरव त्यागी, पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, अनिल ईनाणी, शैलेन्द्र झंवर, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, भोलाराम प्रजापत, जिला प्रवक्ता दीपक शर्मा, नवीन पटवारी, विश्वनाथ टांक, चंद्रशेखर सोनी, सुधीर जैन, राजन माली, अविनाश शर्मा, विनीत तिवारी, राजकुमार तोलंबिया, गुरूकुल संचालक आचार्य चंद्रदेव, हीरानंद शास्त्री, सार्वदेशिक आर्य वीर दल संचालक आचार्य नंदकिशोर, प्रांतीय संचालक भवदेव शास्त्री, संभाग संचालक विशाल माहेश्वरी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

# नेहरू के आदर्शों को आत्मसात कर देश निर्माण का संकल्प लिया कांग्रेसजनों ने

## निंबाहेड़ा में प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

स्मार्ट हलचल|निंबाहेड़ा

**ज़ाकिर हुसैन।** नगर एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निंबाहेड़ा के तत्वावधान में स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न पंडित जवाहरलाल नेहरू की 62 वीं पुण्यतिथि पर बुधवार को स्थानीय माल गोदाम रोड स्थित नेहरू पार्क में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेसजनों ने पंडित नेहरू की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धासुमन अर्पित किए तथा उनके राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को स्मरण किया।

श्रद्धांजलि सभा में नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बंशीलाल राईवाल एवं क्रय-विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष गोपाल आंजना एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पार्टी पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू के विचारों को आधुनिक भारत की मजबूत नींव बताते हुए कहा कि उन्होंने देश को लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष एवं वैज्ञानिक सोच वाला राष्ट्र बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वक्ताओं ने कहा कि पंचशील सिद्धांत, सार्वजनिक क्षेत्र की स्थापना, शिक्षा एवं औद्योगिक विकास जैसे दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को वैश्विक स्तर पर नई पहचान दिलाई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कांग्रेसजनों ने 'पंडित जवाहरलाल नेहरू अमर रहें' के नारों के साथ उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प भी लिया। सभा में वक्ताओं ने कहा कि पंडित नेहरू का व्यक्तित्व केवल एक राजनेता तक सीमित नहीं था, बल्कि वे आधुनिक भारत के शिल्पकार एवं प्रगतिशील विचारधारा के प्रेरणास्त्रोत थे।



इस अवसर पर निंबाहेड़ा युवा कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत सिंह आंजना,जिला कांग्रेस कमेटी महासचिव मनोहर सिंह मीणा, सचिव नुसरत खान, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग नगर अध्यक्ष मोहम्मद कुरैशी,नगर कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष मुकेश मेघवाल, महासचिव ओमप्रकाश शर्मा, सचिव धीरज नगरिया, ब्रह्मलाल उपाध्याय, प्रवक्ता रवि जाजपुरा,कार्यकारिणी सदस्य लक्ष्मीनारायण चौहान,जिला फुटबॉल संघ सचिव फैसल खान, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग उपाध्यक्ष मंसूर अली बोहरा, प्रवक्ता आज़ाद गौरी, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ जिला सचिव शांतिलाल लाडना, नगर सेवादल मुख्य संगठक दिनेश गुप्ता, ब्लाक सेवादल मुख्य संगठक उदित मीणा, राजीव गांधी पंचायती राज संगठन प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष रोमी पोरवाल, स्थानीय निकाय प्रकोष्ठ नगर अध्यक्ष राजेश सांड, पूर्व पार्षद शोभाराम जाट, उदयराम पहाड़िया, रामचंद्र बामणिया, एवं मांगरोल ग्राम पंचायत प्रशासक गोपाल रूल, बाडी ग्राम पंचायत प्रशासक गोपाल रैगर एवं यू.एस. शर्मा,रशीद खान,अजीत जैन,रमेश सेन, फिरोज खान, हिमांशु बैरवा, मांगीलाल बामणिया,गणेशलाल सोनी, मांगीलाल किर,कन्हैयालाल तेली,प्रेमचंद जाट,श्रवण आंजना, महावीर पालेचा, लक्ष्य आंजना, हितेश भराडीया,अनिल मीणा एवं कांग्रेस कार्यालय प्रभारी ज़ाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# पंडित नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि: ब्यावर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि, कहा- लोकतांत्रिक मूल्यों को बचाने के लिए एकजुट होना होगा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** आधुनिक भारत के निर्माता और देश के प्रथम प्रधानमंत्री 'भारत रत्न' स्वर्गीय पंडित जवाहर लाल नेहरू की 62वीं पुण्यतिथि के अवसर पर ब्यावर में एक गरिमापूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी और जिला कांग्रेस सेवादल के संयुक्त तत्वावधान में नगर परिषद स्थित नेहरू उद्यान में आयोजित इस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित नेहरू के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। सभा के अंत में दो मिनट का मौन रखकर देश के इस महान सपूत को याद किया गया।



### सार्वजनिक संस्थानों और लोकतंत्र पर संकट: एडवोकेट अजय शर्मा

श्रद्धांजलि सभा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा: 'पंडित नेहरू ने समृद्ध और सशक्त भारत की मजबूत नींव रखी थी। उन्होंने राष्ट्र निर्माण में लोकतांत्रिक मूल्यों को स्थापित किया। लेकिन आज भाजपा सरकार उन सार्वजनिक संस्थानों को बेच रही है, जिन्हें नेहरू जी ने देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खड़ा किया था। आज लोकतंत्र को खत्म करने का प्रयास हो रहा है। हमारी जिम्मेदारी इस देश को बचाने की है और इसके लिए हमें एकजुट होकर लड़ना होगा।'

### नेताओं ने याद किए नेहरू जी के आदर्श और सिद्धांत

कार्यक्रम में मौजूद अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं ने भी पंडित नेहरू के योगदान को रेखांकित किया: एडवोकेट विक्रम सोनी (जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष): उन्होंने कहा कि नेहरू जी ने हमेशा समावेशी भारत और आपसी भाईचारे की राजनीति की। सेवादल उनके शांति और सद्भाव के संदेश को जन-जन तक पहुंचाएगा। कार्यक्रम का संचालन भी एडवोकेट सोनी द्वारा किया गया। माणक डाणी (पूर्व विधायक): उन्होंने कहा कि नेहरू जी विपक्ष की आवाज का भी सम्मान करते थे, जबकि आज देश में असहमति की आवाज को दबाया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है। पारसमल जैन (पीसीसी सदस्य व कांग्रेस प्रत्याशी): उन्होंने नेहरू जी के अंतरराष्ट्रीय योगदान को याद करते हुए कहा कि गुटनिरपेक्ष आंदोलन और पंचशील सिद्धांतों के जरिए उन्होंने वैश्विक पटल पर भारत को एक स्वाभिमानी महाशक्ति के रूप में स्थापित किया।

### वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता रहे मौजूद

इस गरिमापूर्ण अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के जिलाध्यक्ष अजमत काठात, ओबीसी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष कैलाश गहलोत, पूर्व सभापति मुकेश सोलंकी, नरेंद्र झंवर, मोहम्मद हारून, जिला उपाध्यक्ष बृजवल्लभ पाराशर सहित जसोदा गुर्जर, सोहन मेवाड़ा, भरत बाघमार, देवकरण शर्मा, मनीष सामरिया, हिमांशु शर्मा, यंग ब्रिगेड अध्यक्ष लोकेश कुमार और भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित थे।

## रक्षपालपुर चौराहे पर पेयजल संकट, बूंद-बूंद पानी को भटक रहे राहगीर

स्मार्ट हलचल |खखरेरू/फतेहपुर

भीषण गर्मी के बीच नगर पंचायत खखरेरू अंतर्गत रक्षपालपुर चौराहे पर पेयजल व्यवस्था न होने से राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल रक्षपालपुर चौराहे से प्रतिदिन सैकड़ों लोग गुजरते हैं, लेकिन यहां अब तक ठंडे पानी की कोई समुचित व्यवस्था नहीं हो सकी है।

जानकारी के अनुसार नगर पंचायत द्वारा कई वार्डों में वाटर कूलर लगाकर लोगों को गर्मी से राहत देने का कार्य किया गया है, लेकिन नगर पंचायत मुख्यालय से करीब 800 मीटर दूरी पर स्थित रक्षपालपुर चौराहा आज भी वाटर कूलर की सुविधा से वंचित है।

इसी चौराहे से खागा, महेवा, धाता, खखरेरू, दामपुर, कोट और कुल्ली सहित कई क्षेत्रों के लोग प्रतिदिन आवागमन करते हैं। तेज धूप और भीषण गर्मी के चलते राहगीर पानी की तलाश में इधर-उधर भटकते नजर आते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि चौराहे पर पेयजल की व्यवस्था न होने से यात्रियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

वहीं, नगर पंचायत द्वारा चंद्रशेखर आजाद नगर में वाटर कूलर स्थापित किया गया है, जो मुख्य बस्ती से लगभग 500 मीटर दूर स्थित है। ऐसे में लोगों का कहना है कि जहां बड़ी संख्या में राहगीरों की आवाजाही होती है, वहां प्राथमिकता के आधार पर पानी की व्यवस्था की जानी चाहिए।

इस संबंध में नगर पंचायत खखरेरू के अधिशासी अधिकारी डॉ. हागिंद्र ने बताया कि रक्षपालपुर चौराहे पर वाटर कूलर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और अगले सप्ताह तक वाटर कूलर स्थापित कर दिया जाएगा।

# पत्रकारों ने जाना राजियावास तालाब का इतिहास

### ब्यावर क्षेत्र की जल संचय व्यवस्थाओं को सराहा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे 'वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के तहत क्षेत्र के पत्रकारों ने राजियावास तालाब का विशेष भ्रमण किया। इस दौरान मीडियाकर्मियों ने क्षेत्र में संचालित जल संरक्षण, जल संचय की गतिविधियों और उनकी कार्यप्रणाली को करीब से देखा और समझा।



### वर्षा जल संचयन और तकनीक पर चर्चा

भ्रमण के दौरान जल संसाधन विभाग के कनिष्ठ अभियंता पृथ्वीराज ने उपस्थित पत्रकारों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने तकनीकी पहलुओं को साझा करते हुए जानकारी दी कि किस तरह वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) और स्थानीय जल संरचनाएं क्षेत्र के जल स्तर को सुधारने में अपनी भूमिका निभा रही हैं।

### ग्रामीणों के लिए जीवनदायिनी है राजियावास तालाब

ग्राम पंचायत राजियावास के सरपंच श्री बृजपाल सिंह रावत ने तालाब की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि और इसके स्थानीय महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, 'यह तालाब वर्षों से ग्रामीणों के लिए पानी का मुख्य स्रोत रहा है। वर्तमान में जनसहभागिता के माध्यम से गांव में जल संरक्षण के कई सराहनीय प्रयास किए जा रहे हैं।'

### क्षेत्र की प्रमुख जल संरचनाओं का ब्योरा

कनिष्ठ अभियंता पृथ्वीराज ने बताया कि विभाग की मध्यम सिंचाई परियोजनाओं के तहत फूलसागर जालिया बांध, नारायण सागर बांध और रायपुर लूणी बांध प्रमुख संरचनाएं हैं, जिनसे सिंचाई और जल संरक्षण का काम हो रहा है। इसके अलावा क्षेत्रवार जल स्रोतों का विवरण इस प्रकार है:-

ब्यावर क्षेत्र: राजियावास तालाब, जवाजा, देलवाड़ा, मकरेड़ा, बलाड़, काबरा, कालीकांकर तालाब और फूलसागर जालिया बांध। मसूदा क्षेत्र: नारायण सागर एवं लौहड़ी बांध। बदनौर क्षेत्र: देव सागर जैतारण क्षेत्र: रायपुर लूणी बांध, गिरीनन्दा और बाबरा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि पंचायत समिति विभाग से हस्तांतरित 96 अन्य तालाब भी क्षेत्र में सक्रिय हैं, जो भूजल स्तर को बढ़ाने (ग्राउंडवॉटर रिचार्ज) में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी सतीश सोनी ने बताया कि इस भ्रमण के दौरान पत्रकारों ने जल स्रोतों के रखरखाव और सरकार व प्रशासन द्वारा जल संवर्धन के लिए किए जा रहे प्रयासों को देखा और उनकी सराहना की।

# नेहरू को श्रद्धांजलि देने पीसीसी पहुंचे अशोक गहलोत, चुनाव आयोग और बंगाल चुनाव को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय जयपुर में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में उन्होंने नेहरू को आधुनिक भारत का निर्माता बताते हुए उनके विचारों को आज भी प्रासंगिक बताया।



श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में अशोक गहलोत ने चुनाव आयोग, न्यायपालिका, बंगाल चुनाव, लोकतंत्र और विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखे सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि एसआईआर मामले में सुप्रीम कोर्ट से चुनाव आयोग को मिली राहत पर सवाल उठते हैं, क्योंकि बंगाल में 27 लाख मतदाताओं के मुद्दे का समाधान होने तक चुनाव स्थगित किए जाने चाहिए थे। गहलोत ने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग भाजपा और मोदी सरकार के विभाग की तरह काम कर रहा है, वहीं न्यायपालिका भी दबाव में दिखाई देती है। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी किसी जज को फोन नहीं किया, जबकि आज न्यायपालिका पर दबाव बनाने की बातें सामने आती हैं।

बंगाल चुनाव का जिक्र करते हुए गहलोत ने कहा कि अगर वहां जैसी चुनावी परिस्थितियां देशभर में बनने लगीं तो लोकतंत्र कमजोर हो जाएगा। उन्होंने टीएमसी और माकपा कार्यकर्ताओं को 'लड़ाका' बताते हुए कहा कि हर राज्य में ऐसी राजनीतिक परिस्थितियां नहीं हैं।

इसके साथ ही गहलोत ने उड़ान योजना को दोबारा लागू करने की मांग करते हुए कहा कि गरीब और मध्यम वर्ग की महिलाओं के लिए सेनेटरी नैपकिन योजना बेहद जरूरी है। वहीं सिलिकोसिस बीमारी को गंभीर बताते हुए उन्होंने कहा कि खनन क्षेत्रों में मजदूर बड़ी संख्या में प्रभावित होते हैं और उनकी सरकार ने इस बीमारी को लेकर जांच करवाकर राहत पैकेज शुरू किए थे।

## बस स्टैंड पर विक्षिप्त महिला का आतंक, चौकी में नहीं बैठता पुलिस स्टाफ

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** शहर के रोडवेज बस स्टैंड पर इन दिनों एक विक्षिप्त महिला का आतंक बना हुआ है, जिससे यात्रियों में डर और असुरक्षा का माहौल है। महिला पिछले कई दिनों से बस स्टैंड परिसर में डेरा जमाए हुए है और आए दिन यात्रियों के साथ मारपीट, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार कर रही है।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार महिला अचानक आक्रामक हो जाती है और यात्रियों के बैग छीनकर उनमें रखे कपड़े, जरूरी सामान और नकदी तक निकाल लेती है। विरोध करने पर वह पत्थर मारने तक पर उतर आती है। महिला की हरकतों के कारण खासकर महिला यात्रियों में भय बढ़ गया है और कई लोग बस स्टैंड आने से कतराने लगे हैं।

बताया जा रहा है कि महिला कभी अर्द्धनग्न अवस्था में घूमती है तो कभी सामान्य रूप से तैयार होकर इधर-उधर भटकती रहती है, जिससे स्थिति और असहज हो जाती है।

सबसे चिंताजनक बात यह है कि बस स्टैंड स्थित रोडवेज पुलिस चौकी में अक्सर पुलिस स्टाफ मौजूद नहीं रहता। परेशान यात्री मदद के लिए चौकी पर जाते हैं, लेकिन वहां कोई नहीं मिलने से उन्हें निराश लौटना पड़ता है।

सूत्रों के अनुसार रोडवेज के मुख्य प्रबंधन ने भी कई बार संबंधित थानाधिकारी को चौकी पर पुलिस स्टाफ की नियमित तैनाती के लिए अवगत कराया है, लेकिन इसके बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। पुलिस की अनुपस्थिति के कारण बस स्टैंड पर वारदातें बढ़ने का खतरा बना रहता है और चोर-उचक्कों का भय खुला घूमता नजर आता है।

यात्रियों का कहना है कि यदि किसी के साथ कोई घटना हो भी जाए तो उसकी सुनवाई करने वाला कोई नहीं होता। ऐसे में यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से जल्द ठोस कार्रवाई कर बस स्टैंड पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

## ब्यावर में वन्दे गंगा अभियान की गूंज: विधायक शंकर सिंह रावत करेंगे जिला स्तरीय कार्यक्रम का आगाज, गौशाला में जुटेगा शहर

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान' के अंतर्गत आज ब्यावर में पशुपालन विभाग द्वारा बड़े स्तर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत श्री तिजारती चैंबर सर्राफा गौशाला में भव्य गौ-पूजन के साथ होगी, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक श्रीमान शंकर सिंह जी रावत एवं अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहेंगे।

पशुपालन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, गौ-पूजन के पश्चात गौशाला परिसर में व्यापक स्तर पर श्रमदान कर साफ-सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके साथ ही परिसर में ही एक विशेष पशु चिकित्सा शिविर का भी आयोजन होगा।



### जल संरक्षण पर मंथन और संगोष्ठी

अभियान के मुख्य उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए गौशाला परिसर में ही प्रबुद्धजनों की एक विशेष संगोष्ठी (सेमिनार) आयोजित की जाएगी। इसमें शहर के बुद्धिजीवी, पर्यावरण प्रेमी और आम नागरिक पानी की एक-एक बूंद को सहेजने और जल संरक्षण के उपायों पर चर्चा करेंगे। विभाग ने सभी प्रबुद्धजनों से अपील की है कि वे इस संगोष्ठी में भाग लेकर अपने बहुमूल्य सुझाव साझा करें।

### पशु चिकित्सालय में निःशुल्क रेबीज टीकाकरण

इसी अभियान की कड़ी में, ब्यावर के बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में आज प्रातः 8:00 बजे से एक विशाल निःशुल्क रेबीज टीकाकरण शिविर की शुरुआत हो चुकी है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि रेबीज एक बेहद जानलेवा और घातक बीमारी है, जो संक्रमित कुत्ते, बिल्ली या जंगली जानवरों के काटने से इंसानों और अन्य पशुओं में फैलती है। इससे बचाव का एकमात्र जरिया समय पर टीकाकरण ही है। पशुपालन विभाग और स्थानीय प्रशासन ने ब्यावर के सभी जागरूक पशुप्रेमियों और नागरिकों से अपील की है कि वे भारी संख्या में इस शिविर का लाभ उठाएं और अपने पालतू कुत्तों व बिल्लियों का टीकाकरण करवाकर उन्हें सुरक्षित करें।

## महंगाई और पेपर लीक के खिलाफ ब्यावर कांग्रेस का हल्ला बोल कल

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार आगामी 29 मई (शुक्रवार) को ब्यावर में कांग्रेस एक बड़ा शक्ति प्रदर्शन करने जा रही है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, ब्यावर द्वारा देश में लगातार बढ़ती बेलगाम महंगाई, पेट्रोल-डीज़ल और रसोई गैस के आसमान छूते दामों, बढ़ती बेरोज़गारी और युवाओं के भविष्य को अंधकार में धकेलने वाले पेपर लीक मामलों के विरोध में जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने विशाल विरोध प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने बताया कि केंद्र सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आज आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। रसोई गैस और ईंधन के दामों ने घरेलू बजट को पूरी तरह से बिगाड़ दिया है। दूसरी ओर, रोज़गार की तलाश में भटक रहे युवाओं को पेपर लीक जैसी घटनाओं के कारण भारी निराशा का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं और आमजन के इन्हीं अधिकारों की रक्षा के लिए कांग्रेस सड़कों पर उतर रही है।

एडवोकेट शर्मा ने बताया कि शुक्रवार सुबह 10:30 बजे सभी कार्यकर्ता जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर एकत्रित होंगे। यहाँ जोरदार प्रदर्शन और पुतला दहन करने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें आमजन और युवाओं की समस्याओं के तुरंत समाधान की मांग की जाएगी।

## महंगाई के विरोध में कांग्रेस ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**राशमी।** यहां बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कपासन ए ने बुधवार को पंचायत समिति चौराहा पर जनसमस्याओं और बढ़ती महंगाई के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विरोध जताया तथा राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी अंजू शर्मा को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन के दौरान देश में बढ़ती महंगाई, बिजली-पानी की समस्या, बेरोजगारी और रसोई गैस की किल्लत जैसे आमजन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विरोध दर्ज कराया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पानी, बिजली, घर-घर नल जल योजना, पेंशन और रोजगार गारंटी सहित सभी योजनाओं के लिए बजट जारी कर लोगों को राहत देने की मांग की। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि बिजली के नाम पर स्मार्ट मीटर लगाकर लोगों को लूटा जा रहा है। साथ ही पेट्रोल-डीजल की दरें बार बार बढ़ा कर जनता पर सीधा बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि कोर्ट के आदेश के बाद भी पंचायत राज चुनाव नहीं कराना संविधान का उल्लंघन है।

## यूएनएससी सुधार के लिए ताकत नहीं, आपसी तालमेल की जरूरत: भारत

स्मार्ट हलचल | न्यूयॉर्क

भारत ने एक यूएन बैठक के दौरान संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में तत्काल सुधारों और संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) को मजबूत बनाने की पुरजोर वकालत की है। भारत ने चेताते हुए स्पष्ट किया है कि वैश्विक संस्था का ढांचा 1945 की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं और 1940 के दशक में अटका हुआ है, जिसे समयानुकूल बदलने की आवश्यकता है।




न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने यूएनएससी में 'यूएन चार्टर के उद्देश्यों एवं सिद्धांतों को बनाए रखने और यूएन-केंद्रित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को मजबूत करने' पर आयोजित खुली बहस में भारत का पक्ष रखते हुए यह टिप्पणी की। हरीश ने साफ शब्दों में कहा कि चूंकि यूएनजीए यूएन का एक मुख्य अंग है, इसलिए इसे मजबूत किया जाना बेहद जरूरी है। इसके अलावा उन्होंने यूएनएससी में सुधार (भारत जैसे देशों को भी स्थायी सदस्य बनाना) करने की बात भी दोहराई, ताकि यह आज की भू-राजनीतिक वास्तविकताओं को दर्शा सके।

भारतीय राजनयिक ने कहा हमें सदस्यता की स्थायी श्रेणी के मुद्दे को सुलझाना चाहिए और उसका विस्तार करना चाहिए; केवल इसी से इस परिषद की निर्णय लेने की प्रक्रिया में बदलाव आएगा। यूएनएससी को और अधिक पारदर्शी होना चाहिए। इसे एक जीवंत संस्था होना चाहिए, न कि कोई जीवाश्म (पुरानी और बेजान) चीज।''

हरीश ने अपने संबोधन की जानकारी सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा की है, जहां उन्होंने बताया, ''यूएन की वैधता, प्रभावशीलता और प्रासंगिकता से जुड़ी बढ़ती चिंताओं पर जोर दिया, खासकर अंतरराष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा बनाए रखने के अपने दायित्व को पूरा करने में यूएनएससी की भूमिका पर प्रकाश डाला। दूसरा विश्व युद्ध हमारा युद्ध नहीं था, लेकिन भारत को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ी। इसलिए, यूएन का संस्थापक सदस्य बनना शांति के प्रति हमारी गहरी चाहत को दिखाता है। हालांकि उपनिवेशवाद की वैश्विक राजनीति ने यह सुनिश्चित किया कि भारत के बड़े बलिदानों को उचित पहचान न मिले, फिर भी हमने यूएन और बहुपक्षवाद में अपने अटूट विश्वास से कभी समझौता नहीं किया।भारतीय राजदूत ने कहा इस बात पर जोर दिया कि केवल जोर-जबरदस्ती और ताकत से न तो मजबूत बहुपक्षवाद हासिल होता है और न ही वैश्विक जनहित। सहयोग की भावना और व्यापक वैश्विक भलाई के लिए समझौता करने की क्षमता का प्रदर्शन किया जाना चाहिए और उस पर अमल होना चाहिए।

इसके साथ ही पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए भारत ने आतंकवाद को शांति एवं सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। भारत ने जोर देकर कहा कि जो देश आतंकवाद को प्रायोजित और समर्थन करते हैं, उन्हें जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

# मसूदा आईटीआईमें गूंजा राष्ट्रभक्ति का संकल्प: सावरकर जयंती पर 'माय भारत' का बड़ा आयोजन, 100 से अधिक युवाओं ने ली प्रेरणा

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर/मसूदा।** केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के 'मेरा युवा भारत' (माय भारत) अजमेर की ओर से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ढ्ढ्ढ) मसूदा में वीर विनायक दामोदर सावरकर जयंती के उपलक्ष्य में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने देश सेवा और राष्ट्र निर्माण का सामूहिक संकल्प लिया।




### संघर्ष और त्याग की मिसाल थे सावरकर: सिसोदिया

पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक लेखराज सिंह रावत के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ढ्ढ्ढ मसूदा के अधीक्षक जगदीश सिंह सिसोदिया रहे। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वीर सावरकर का जीवन त्याग, राष्ट्रभक्ति और आत्मबलिदान का अनुपम उदाहरण है। आज की युवा पीढ़ी को उनके विचारों को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए।


कार्यक्रम में संस्थान के गुरु दयाल ने पीपीटी और वीडियो प्रेजेंटेशन के जरिए सावरकर के जीवन, स्वतंत्रता आंदोलन में उनकी भूमिका और सेल्युलर जेल (काले पानी) के कठिन संघर्षों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सावरकर का संदेश युवाओं को एकजुट करने और देश को सशक्त बनाने वाला था।

### क्विज प्रतियोगिता में छाए विजय, रीना और अरविंद

युवाओं में जागरूकता परखने के लिए 'आधुनिक भारत में सावरकर की प्रासंगिकता' और 'युवा शक्ति' जैसे विषयों पर एक प्रश्नोत्तरी (क्विज) प्रतियोगिता रखी गई। इसमें कड़े मुकाबले के बीच विजयसिंह चौहान ने प्रथम, रीना रावत ने द्वितीय और अरविंद सिंह रावत ने तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को मंच पर अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### 'माय भारत' पोर्टल से जुड़ने का आह्वान

जिला युवा अधिकारी जयेश मीना ने 'माय भारत' संगठन की गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्लेटफॉर्म का उद्देश्य युवाओं में सकारात्मक नेतृत्व और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। उन्होंने सभी युवाओं से 'माय भारत' पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराकर राष्ट्रहित के अभियानों से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया।




क्या आपने कभी कोई बिज़नेस करने के बारे में सोचा है लेकिन शुरू करने के लिए पहल नहीं की है? केवल आप ही नहीं हैं जो बिज़नेस शुरू करना चाहते हैं, लेकिन किसी भी कारण से असमर्थ हैं। इस लेख में हम चर्चा करेंगें कि आप बिज़नेस कैसे शुरू कर सकते हैं, व्यवसाय शुरू करने के लिए कैसे रणनीति बनानी चाहिए और बिज़नेस के लिए लोन कैसे लें।

# बिज़नेस कैसे शुरू करें? ऐसे मिलेगा बिज़नेस शुरू करने के लिए लोन



## व्यवसायी बनने का विचार/आइडिया

वर्किंग टाइम, वर्क प्रोफाइल, लाइफस्टाइल, पब्लिक डीलिंग, निवेश का समय आदि से जुड़ें नौकरीपेशा कर्मचारी और व्यवसाय करने वाले के बीच बहुत बड़ा अंतर है। व्यवसायिक बनने से पहले दो बार सोचें। जिस प्रकार का व्यवसाय आप शुरू करना चाहते हैं, बाज़ार में इसकी मांग, व्यवसाय का आकार, निवेश की आवश्यकता और वार्षिक बजट कुछ ऐसे कारक हैं, जिन पर आपको अवश्य विचार करना चाहिए। यदि आप इन सभी सवालों के जवाब के साथ तैयार हैं, तो आप अपना खुद का बिज़नेस शुरू करने के लिए तैयार हैं।

### अपने कौशल (स्किल) के अनुसार बिज़नेस चुनें

एक नया बिज़नेस शुरू करने के लिए कौशल/स्किल तैयार करने की आवश्यकता होती है जो किसी बिज़नेस की आवश्यकताओं से मिलता हो। लोगों को उस व्यवसाय को शुरू या उसमें निवेश करना चाहिए जो कहीं न कहीं उनके कौशल से जुड़ा है। हर कोई किसी न किसी काम में अच्छा होता है; बस जरूरत है प्रतिभा को ढ़ूढ़ने और उसे बेहतर बनाने की। बिज़नेसमैन बनने की योजना बनाने से पहले अपने आप को बेहतर तरीके से जानें, अपनी खूबियों और खामियों का विश्लेषण करें। एक नए क्षेत्र को पूरी तरह से चुनना जोखिमभरा है।

### बिज़नेस और बाज़ार का विश्लेषण

सबसे महत्वपूर्ण कारक जो किसी व्यवसाय को सफल या असफल बनाता है। वह है बिज़नेस पर रिसर्च और मार्केट विश्लेषण। सुनिश्चित करें कि आप जो बिज़नेस शुरू करने वाले हैं, उसकी मार्केट में मांग है और ज़्यादा व्यापारियों द्वारा इस बिज़नेस को न किया जा रहा हो। अपने बिज़नेस के कॉम्पिटिटर्स को ढ़ूंढें और बिज़नेस करने के उनके स्टाइल का पता लगाएं। अपने बिज़नेस से जुड़े प्रोडक्ट, कच्चे माल, मशीनरी, उपकरण, आदि की मांग को पूरा करने के लिए सप्लायर का पता लगाएं। बाज़ार में पहले से ही बेचे गए प्रॉडक्ट के खर्च और कीमतों को ट्रैक करें और देखें कि लोगों को अंत में लाभ कितना हो रहा है।

### खर्च जानें

आपको यह तय करने की आवश्यकता है कि बिज़नेस शुरू करने में आपका कितना खर्च आएगा। अगला सवाल आपको खुद से पूछने की ज़रूरत है कि 'क्या आपके पास अपना बिज़नेस शुरू करने के लिए उचित फंड है या आपको बैंक से लोन लेने की आवश्यकता होगी?' यदि आपको और अधिक पैसों की आवश्यकता है तो आपके लिए बिज़नेस लोन के लिए आवेदन करना सबसे सुरक्षित विकल्प है। यह कदम पहले से उठाया जाना चाहिए क्योंकि अधिकांश स्टार्टअप स्थापित होने में विफल होते हैं क्योंकि वे अपने बिज़नेस की स्थापना के शुरुआती चरणों में पैसों की मांग को पूरा नहीं कर पाते हैं।

### बिज़नेस प्लान बनाना

बिज़नेस प्लान में आपके व्यवसाय से जुड़ी सभी जानकारी शामिल होनी चाहिए। यह मूल रूप से आपके बिज़नेस और इसकी ग्रोथ में मदद करने के लिए एक रोड मैप है। बिज़नेस प्लान आपके लाभ का परीक्षण करने और आपकी आर्थिक आवश्यकताओं को समझने में मदद करती है। इसके अलावा, यदि आप व्यवसाय बढ़ाने के उद्देश्यों के लिए बिज़नेस लोन लेना चाहते हैं, तो अच्छी तरह से बिज़नेस प्लान को लोन संस्थानों में जमा करें, जिसमें बैंक और एनबीएफसी शामिल हैं।

### स्थान तय करें

बिज़नेस के लिए लोकेशन सबसे महत्वपूर्ण फैसलों में से एक है जो एक एंटरप्रेन्योर लेता है, क्योंकि यह व्यवसाय का भविष्य तय करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अपने बिज़नेस की भौतिक उपस्थिति स्थापित करने के लिए, दो बातों पर विचार करना चाहिए। पहला ग्राहकों के उद्देश्य के लिए उनकी आवश्यकता और दूसरा मार्केट / शॉपिंग मॉल। यह नेटवर्किंग के अवसरों और ग्राहक आधार को बढ़ाता है।

### अपने बिज़नेस को सेट करना

एक बार लोकेशन फाइनल हो जाने के बाद और रेंट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर किया जाता है (यदि लागू हो), तो अगली बड़ी बात आपके बिज़नेस को नीचे दी गई बातों के पर भी ध्यान देना चाहिए-

अपने बिज़नेस का नाम

अपने बिज़नेस को रजिस्टर्ड करना

कंपनी के नाम के तहत एक करंट अकाउंट खोलना

एक टिन, पैन और जीएसटी नंबर प्राप्त करना

अकाउंट सिस्टम चुनना

एक वेबसाइट बनाना

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अकाउंट खोलना

ये कदम आपके बिज़नेस को बेहतर तरीके से व्यवस्थित करने में आपकी मदद करेंगे और व्यवसाय की ग्रोथ को बढ़ाएँगे।

### स्टाफ को काम पर रखना शुरू करें

शुरूआत में बिज़नेस चलाने के लिए आपको कितने स्टाफ की ज़रूरत है, उसकी चयन करें। साथ ही, बेहतर कौशलता, प्रॉडक्टिविटी और लाभ के लिए अनुभवी और कुशल लोगों को काम पर रखें। बिज़नेस के आकार के आधार पर आप संबंधित व्यवसाय टाइप के अनुसार, अधिकारियों, ग्राहकों की देखभाल के प्रतिनिधियों, मार्केटिंग एक्सपर्ट, अकाउंटेंट, ढ्ढञ्ज पेशेवरों, ॥क्र कर्मियों और अन्य पेशेवरों को काम पर रख सकते हैं।

### अपने बिज़नेस का ब्रान्ड और विज्ञापन करें

अपने बिज़नेस का एक लोगो बनाएं जिससे ग्राहक आपके बिज़नेस का आसानी से पहचान सकें। लोगों को अपने व्यवसाय के बारे में बताएं ताकि आपके पास सामान या सेवाएं खरीदने के लिए आ सकें। अपने बिज़नेस के विस्तार के लिए अपनी वेबसाइट और सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर अकाउंट बनाएं। एक मार्केट प्लान बनाएं, इसलिए व्यवसाय के शुरुआती छह महीनों में उसका विज्ञापन करने के लिए एक निश्चित बजट होना चाहिए।

### बिल्डिंग एसोसिएशन

मार्केट में बने रहने और लाभ कमाने के लिए, आपको प्रभावशाली ब्लॉगर्स और फ्री/ सैंपल गिफ्ट या प्रोडक्ट के एक्सचेंज के लिए प्रमोशन करना होगा। अपनी पहचान बनाने के लिए चैरिटी संगठनों के साथ जुड़ें और कुछ प्रोडक्ट के साथ वॉलेंटियर करें। बेहतर ग्रोथ की संभावनाओं के लिए उद्योग में मौजूदा बड़े ब्रॉन्ड के साथ कोलैबोरेशन करें।


### धैर्य रखें और आगे बढ़ते रहें

एक स्टार्टअप व्यवसाय के शुरूआती चरणों में, लाभ मार्जिन या ब्रेकवेन के बजाय बिक्री पर अधिक ध्यान दें। अधिकांश उद्यमियों ने धैर्य और फोकस की कमी के कारण बिज़नेस बीच में ही छोड़ दिया। व्यापार के शुरुआती चरणों के दौरान लगातार बने रहना मुश्किल काम है, इसमें निरंतरता टूटती है और ध्यान भंग होता है जिससे नुकसान होता है। इसलिए, हमेशा यह सुझाव दिया जाता है कि धैर्य रखें और कड़ी मेहनत करते रहें और सही समय आने पर अच्छे परिणाम मिलेंगे।

# गाइड बनकर भी कर सकते हैं लाखों की कमाई, ऐसे कर सकते हैं शुरूआत

शॉर्ट टर्म कोर्स कर बना सकते हैं करियरकरियर बनाने के लिए जरूरी नहीं कि कोई बड़ा कोर्स या फिर डिग्री ली जाए. अगर आपके पास हुनर है तो आप किसी भी फील्ड में अपना शानदार करियर बना सकते हैं. आपने कई टूरिस्ट गाइडों को देखा होगा, जो सिर्फ अपने तजुर्बे और इतिहास का ज्ञान रखकर हजारों टूरिस्ट्स को घुमाते हैं और काफी अच्छा पैसा भी कमा लेते हैं. एक गाइड बनने के लिए जरूरी नहीं है कि आपके पास कोई डिग्री हो. कुछ महीनों के डिप्लोमा के साथ इसके लिए बस आपको अपने आस-पास के शहरों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए. हम आपको यहां बता रहे हैं कि गाइड बनकर कैसे आप अपने करियर को एक नया मोड़ दे सकते हैं और घूमते फिरते कमाई कर सकते हैं.

संस्कृति और इतिहास का ज्ञान –एक गाइड बनने से पहले यह जरूर सोच लें कि क्या आपको अपने शहर की संस्कृति या फिर उसके इतिहास का पूरा ज्ञान है. अगर ऐसा नहीं है तो आप एक अच्छे गाइड नहीं बन सकते हैं. कोई भी टूरिस्ट आपसे कुछ भी प्रश्न कर सकता है



और गलत उत्तर से आप उनका भरोसा खो देंगे. इसीलिए इतिहास की हर छोटी और रोमांचक जानकारियां अपने पास रखें.

हाजिर जवाब होना भी जरूरी – किसी भी गाइड को हाजिर जवाब होना जरूरी होता है. इससे पता चलता है कि आप कितने अनुभवी हैं और आपको चीजों की कितनी समझ है. बातों को रोमांचक तरीके से लोगों को बताना एक कला है, जो एक गाइड के तौर पर सीखना बहुत जरूरी है. आपके साथ मौजूद टूरिस्ट्स को जानकारी के साथ-साथ आपकी बातों से मजा भी आना चाहिए.

लोगों की जेब का रखें खयाल –अगर आप एक गाइड हैं तो आपको लोगों की यानि जिन्हें आप घुमा रहें हैं उनकी जेब का खयाल रखना जरूरी है. ऐसे में लोगों को किसी रीजनेबल होटल, रेस्तरां आदि में खाना खिलाना, किसी अच्छे होटल में ठहराना और टैक्सी आदि की सुविधा मुहैया करवाने जैसी सुविधाएं शामिल हैं.

कुछ महीनों का डिप्लोमा कोर्स – गाइड के कोर्स के लिए देशभर में कई इंस्टीट्यूट 3 या 6 महीना का डिप्लोमा कोर्स करवाते हैं. ऐसे कोर्स करके आप आधिकारिक तौर पर एक गाइड के रूप में काम कर सकते हैं. इस कोर्स में आपको टूरिस्ट्स के साथ बात करने के जरूरी टिप्स भी बताए जाते हैं.

मौके भी कम नहीं – अगर आपने किसी अच्छे संस्थान से टूरिज्म ट्रैवल एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजमेंट का कोर्स किया है तो आपके पास मौकों की कोई भी कमी नहीं होगी. कई एजेंसियां इसके लिए वेकेन्सी निकालती हैं और एक अच्छे पैकेज पर गाइड हायर करती हैं.



# ये हैं एयरफोर्स में करियर बनाने के छह आसान रास्ते

### आपके कौन सा सही रहेगा

भारतीय वायुसेना में करियर बनाना कई युवाओं का सपना होता है। अगर आप भी एयरफोर्स में शामिल होने का विचार कर रहे हैं, तो जानिए वो छह आसान तरीके जिनसे आप इस गौरवपूर्ण करियर का हिस्सा बन सकते हैं।

भारतीय वायुसेना देश की ताकतवर और सम्मानित सेनाओं में से एक है। यहां नौकरी करना सिर्फ एक प्रोफेशन नहीं, बल्कि देशसेवा और गर्व की बात मानी जाती है। हर साल हजारों युवा एयरफोर्स का हिस्सा बनने का सपना देखते हैं, लेकिन बहुत से लोग यह नहीं जानते कि इस फोर्स में भर्ती होने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद से लेकर ग्रेजुएशन और डिप्लोमा तक, हर स्तर पर एंट्री पॉसिबल है।

अगर आप भी आसमान में उड़ना चाहते हैं और वर्दी पहनना आपका सपना है, तो जानिए कौन-कौन से एग्जाम और एंट्री स्कीम्स हैं, जिनसे आप भारतीय वायुसेना का हिस्सा बन सकते हैं।

### 12वीं के बाद एयरफोर्स में ऑफिसर बनने का मौका (एनडीए)

एनडीए एग्जाम यूपीएससी द्वारा साल में दो बार आयोजित किया जाता है। इसमें 12वीं (फिजिक्स + मैथ्स) पास लड़के हिस्सा ले सकते हैं। सेलेक्शन के बाद कैंडिडेट्स एनडीए पुणे में ट्रेनिंग पाते हैं और फिर एयरफोर्स अकादमी में भेजे जाते हैं। यहां से पासआउट होकर वे फ्लाइंग ब्रांच या टेक्निकल/नॉन-टेक्निकल ब्रांच में ऑफिसर बनते हैं।

### ग्रेजुएशन के बाद ऑफिसर की सीधी एंट्री

सीडीएस एग्जाम भी यूपीएससी द्वारा लिया जाता है और ग्रेजुएट कैंडिडेट्स इसके जरिए एयरफोर्स एकेडमी (ड्ढ्र, हैदराबाद) में दाखिला पा सकते हैं। यह परीक्षा साल में दो बार होती है और सफल कैंडिडेट्स को फ्लाइंग ऑफिसर की ट्रेनिंग दी जाती है।

### वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा

वायु सेना सामान्य प्रवेश परीक्षा भारतीय वायुसेना द्वारा आयोजित एक कॉमन एंट्रेंस टेस्ट है, जिसके जरिए फ्लाइंग, ग्राउंड ड्यूटी (टेक्निकल और नॉन-टेक्निकल) ब्रांच में भर्ती होती है। यह पुरुष और महिला दोनों के लिए खुला होता है और इसमें ग्रेजुएट्स आवेदन कर सकते हैं। हर साल दो बार यह परीक्षा होती है और इसे सबसे सुगम तरीका माना जाता है।

### 12वीं या डिप्लोमा के बाद एयरमैन भर्ती

भारतीय वायुसेना हर साल ग्रुप एक्स और ग्रुप वाय ट्रेड्स में भर्ती आयोजित करती है। ग्रुप एक्स में टेक्निकल ट्रेड्स आते हैं जैसे- मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रॉनिक्स आदि। वहीं ग्रुप वाय में नॉन-टेक्निकल पोस्ट होती हैं, जैसे- क्लर्क, मेडिकल असिस्टेंट और अन्य सपोर्ट स्टाफ। अगर आपने 12वीं (साइंस स्ट्रीम) या तकनीकी डिप्लोमा किया है, तो आप भारतीय वायुसेना में एयरमैन पद के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### बिना लिखित परीक्षा के सीधा इंटरव्यू

यदि आपने एनसीसी एयर विंग से सी सर्टिफिकेट प्राप्त किया है, तो आप एयरफोर्स में फ्लाइंग ब्रांच के लिए बिना कोई लिखित परीक्षा दिए आवेदन कर सकते हैं। इस एंट्री स्कीम के तहत एएफसीएटी या सीडीएस जैसी परीक्षाएं देने की आवश्यकता नहीं होती। इसमें केवल एसएसबी इंटरव्यू होता है और यह रास्ता ज्यादा कॉम्पिटीशन वाले लोगों के लिए बेहतरीन माना जाता है।

### अग्निवीर वायू

सरकार की नई योजना 'अग्निपथ' के तहत एयरफोर्स में भी अग्निवीर वायू की भर्ती शुरू हुई है। इसमें 17.5 से 21 साल के युवा आवेदन कर सकते हैं और चार साल की सर्विस के बाद कुछ प्रतिशत को परमानेंट नियुक्ति मिलती है। यह स्कीम युवाओं को फौज में आने का नया अवसर देती है।

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com